www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 225 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
07 नवम्बर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:19
सूर्यास्तः 05:20
अधिकतमः 31°00
न्यूनतमः 17°00

पेज 07

विशेष समाचार
दीपावली बने विकसित एवं ... >> पेज 04
जेल में आजम खान से मिलीं ... >> पेज 06
रणवीर की 'प्रलय' शूटिंग से ...

योगी बोले- इस बार कुछ नियुक्ति पत्र रोक लेंगे तीसरी बार सरकार में आएंगे तब बांटेंगे

'कर्मचारियों को बैठाकर एक साल तक वेतन दे सकता हूं'

कार्यक्रम

4,543
युवाओं को योगी ने लखनऊ में दरोगा पद पर चुने गए नियुक्ति पत्र बांटे।

यूपी में जारी रहेगा नौकरियां देने का सिलसिला सीएम योगी बोले- तीसरी बार सरकार बनने पर भी बांटेंगे नियुक्ति पत्र

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । सीएम योगी ने शुक्रवार को कहा- भाजपा सरकार में अब तक 9.50 लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख और नौकरियों का वादा भी जल्द पूरा होने वाला है, लेकिन इस बार कुछ नियुक्ति पत्र रोक लेंगे। उन्हें तीसरी बार सरकार बनने पर बांटेंगे। सीएम ने लखनऊ में दरोगा पद पर चुने गए 4,543 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने पूछा- क्या किसी को रिश्वत देनी पड़ी या सिफारिश लगानी पड़ी? उन्होंने कहा कि अब यूपी में लेन-देन या धौंस से नौकरी मिलना संभव नहीं है।

योगी ने कहा- मैंने 2012 से 2017 और 2003 से 2017 के बीच का दौर भी देखा है। उस दौरान कई ऐसी नियुक्तियां हुईं, जिनमें आवेदक कोई और था और नियुक्ति पत्र किसी और को दे दिया गया। ऐसे कई मामले अभी भी कोर्ट में चल रहे हैं।

उन्होंने कहा- मुझे चिंता होती है कि अगर कोर्ट ने गड़बड़ी वाली पुरानी भर्तियां रद्द कर दीं तो क्या होगा। हां, अगर कोर्ट उन अधिकारियों और बेईमानों की संपत्ति जब्त करने का आदेश दे, जिन्होंने युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया, तो मुझे बहुत खुशी होगी।

योगी ने कहा- पहले भर्ती का मतलब केवल सैफई सिंडिकेट होता था। >> (शेष पेज 06 पर)

दिवाली के ठीक बाद और नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे

योगी ने कहा- दिवाली के ठीक बाद हम राजस्व विभाग में 1,200 से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे। उसके बाद होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के तहत 42,000 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपेंगे। 32 हजार सिपाहियों को भी नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। सीएम ने कहा- हमने यूपी को बदलते हुए देखा है। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि अगर 2017 में यूपी में 'डबल इंजन' सरकार सत्ता में नहीं आती, तो यह चयन प्रक्रिया शायद बस एक सपना बनकर रह जाती।

2017 से पहले भर्ती का मतलब सैफई सिंडिकेट था

सीएम योगी ने कहा- 2017 से पहले भर्ती का मतलब सैफई सिंडिकेट था। प्रदेश के बाकी हिस्से भर्ती प्रक्रिया से बाहर रहते थे। आज भर्ती में कोई भेदभाव नहीं है। सीएम योगी ने कहा- मैंने 9.50 लाख भर्ती के बाद कहा था कि 1 लाख और भर्ती करेंगे। उस 1 लाख के वादे को पार कर चुका, फिर भी नहीं रुक रहा। कुछ नियुक्ति पत्र रोक लेंगे। उन्हें तीसरी बार आने पर देंगे।

सीएम योगी ने कहा- 2017 में आया तो कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं थे। पुलिस के बैरक टूटे-फूटे थे। वहां आराम कर रहे कार्मिकों को दिन में तारे नजर आते थे।

उत्तर प्रदेश बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच गया था

योगी ने कहा- 10 साल पहले देश में यूपी ने अपनी पहचान खो दी थी। लोग 'उत्तर प्रदेश' नाम सुनकर ही चौंक जाते थे और दूर भागते थे। भर्तियां लगभग बंद हो गई थीं। नतीजा यह हुआ कि यूपी अव्यवस्था और अशांति का पर्याय बन गया। कर्फ्यू और दंगे इसकी नियति बन गए। भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य, जहां सबसे युवा कार्यबल है, बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच गया था। उन्होंने कहा- देश के अंदर कहीं कोई घटना घटित होती है तो पीड़ित की ओर से एक ही आवाज आती है कि यूपी पुलिस होती तो इन गुंडों और माफियाओं का इतना दुस्साहस नहीं होता। सीएम योगी ने कहा- अभी हमने बिगड़ी व्यवस्था को सुधाकर पहचान दी है। अब समय है कि इसे मेहनत कर और आगे बढ़ाया जाए।

दरोगा भर्ती अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र अभ्यर्थियों से पूछा- क्या पैसा देना पड़ा है?

3394
पुरुष और 848 महिला सब-इंस्पेक्टर, एसएसएफ के लिए 60 सब-इंस्पेक्टर और यूपीएसएसएफ की 3 बटालियनों के लिए 106 महिला सब-इंस्पेक्टरों को जॉइनिंग लेटर दिए गए।

बेंगलुरु में पत्नी-सास समेत ससुराल के 7 सदस्यों की हत्या

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में घरेलू विवाद के चलते एक कैब ड्राइवर ने अपनी पत्नी समेत उसके परिवार के 7 लोगों की हत्या कर दी। मृतकों में 7 साल का बच्चा भी शामिल है। आरोपी की पहचान शेखर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, शेखर की शादी करीब 20 साल पहले सुनीता से हुई थी। दोनों के बीच सुनीता के मायके जाने को लेकर अक्सर विवाद होता था। सुनीता की मां और भाई भी उसका साथ देते थे। इसी बात से नाराज होकर शेखर ने पूरे परिवार को खत्म करने की साजिश रची। आरोप है कि शेखर ने पहले अपनी पत्नी सुनीता की घर में सिलबट्टे से हत्या की और शव को कपड़े में लपेटकर नंदी हिल्स के पास फेंक दिया। इसके बाद उसने सुनीता का मोबाइल बंद कर दिया और पड़ोसियों को बताया कि वह घूमने गई है।

सीबीएसईः 10वीं-12वीं बोर्ड की डेटशीट जारी

16 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

परीक्षा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। बोर्ड ने 6 नवंबर 2026 को अपनी आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in और cbseacademic.nic.in पर परीक्षा का शेड्यूल जारी किया। इसके अनुसार, दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। ऐसे में छात्रों को अपनी परीक्षा की तारीख और विषय के अनुसार तैयारी करने का समय मिल गया है। छात्र बोर्ड की वेबसाइट पर

जाकर अपनी कक्षा की पूरी डेटशीट देख सकते हैं। इसमें हर विषय की परीक्षा की तारीख और समय दिया गया है।

सीबीएसई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होकर 9 मार्च 2027 तक चलेंगी। इस बार 10वीं के छात्रों को कुल 83 विषयों की परीक्षा देनी होगी। बोर्ड ने सभी विषयों के लिए अलग-अलग तारीखें तय की हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

पंजाब में यात्रियों से भरी चलती ट्रेन में आग लगी 8 ट्रेनें डायवर्ट

पटियाला में रोकी अमृतसर-बंगाल कर्मभूमि एक्सप्रेस

दुर्घटना

4 डिब्बे जले, सवारियों ने छलांग लगाई

तमसा संकेत, एजेंसी

पटियाला/लुधियाना । पंजाब में शुक्रवार दोपहर चलती कर्मभूमि एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। आग इंजन के साथ लगे जनरल डिब्बे में भड़की और देखते ही देखते ट्रेन के 4 जनरल कोच इसकी चपेट में आ गए। आग की चपेट में आए डिब्बों में यात्री सवार थे। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ट्रेन

रुकते ही यात्री जान बचाने के लिए नीचे उतरकर खेतों की ओर भागने लगे। इस दौरान कई यात्रियों ने ट्रेन से छलांग भी लगा दी।

घटना फतेहगढ़ साहिब के साधूगढ़ और पटियाला के सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन, दमकल विभाग और राहत टीमों को अलर्ट किया गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

रेलवे ने वैकल्पिक ट्रेन की व्यवस्था की

अंबाला मंडल के सीनियर डीसीएम यशनजीत सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी। हादसे के बाद यात्रियों से करीब 500 मीटर दूर स्थित नजदीकी स्टेशन पहुंचने को कहा गया। यहां से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए दो स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं।

फास्ट न्यूज

अमिताभ बच्चन का बंगला उड़ाने की धमकी

मुंबई। अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इसके बाद मुंबई में सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है। ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE), वर्ली रेसकोर्स और बॉम्बे हाईकोर्ट को भी उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

सुनवाई फैसला

माता-पिता की कमाई से नहीं तय होगा आरक्षण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यूपीएसी परीक्षाओं में OBC क्रीमी लेयर आरक्षण पर केंद्र सरकार की संशोधन याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के तहत 'क्रीमी लेयर' तय करने का आधार केवल माता-पिता की सैलरी या आय को नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने कहा कि किसी उम्मीदवार को आरक्षण के दायरे से बाहर करने के लिए केवल वेतन को पैमाना मानना सही नहीं है। इसके लिए माता-पिता के सोशल स्टेटस और उनके पद की प्रकृति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। कोर्ट ने फैसले का पालन करने के लिए आठ हफ्ते का अतिरिक्त समय दे दिया है।

शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल की अस्पताल में मुलाकात

मुंबई । NCP (SP) प्रमुख शरद पवार और अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल के बीच गुरुवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल 10 नवंबर के बाद मुंबई में फिर मुलाकात कर चर्चा करेंगे। सामने आए वीडियो में दोनों नेता इस पर सहमति जताते सुनाई दे रहे हैं।

एसआईआर में छूटे मतदाताओं को मिलेगा एक और मौका

दिल्ली, महाराष्ट्र समेत 7 राज्यों के वोटर फिर नाम जुड़वा सकेंगे

फैसला

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग (EC) ने SIR प्रक्रिया के दौरान छूटे मतदाताओं को नाम जुड़वाने एक और मौका देने का फैसला किया। यह मौका उन मतदाताओं को मिलेगा, जिन्हें एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और डुप्लिकेट (ASDD) के तौर पर रखा गया था।

इन मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म जारी हुए थे, लेकिन वापस नहीं मिले। इसके चलते स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के दौरान

उनका नाम ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स में शामिल नहीं हो सका। आयोग के निर्देश दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड पर लागू होंगे। इस दौरान डुप्लिकेट नामांकन रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं। हालांकि, जो लोग कभी वोटर लिस्ट में थे ही नहीं, उन्हें इसका फायदा नहीं मिलेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

इसका मतलब क्या है और यह जरूरी क्यों

अगर आपका नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं है और आपको ASDD बताया गया है, तो घबराएं नहीं। BLO आपके घर फिर आएगा या आप दावा-आपत्ति के दौरान फॉर्म भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए आपको अपना आधार, वोटर आईडी और पते का प्रूफ रखना होगा।

25 एमएलए जम्मू-कश्मीर डिप्टी सीएम को हटाने की मांग पर अड़े, फारूक बोले- पार्टी नहीं टूटेगी

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने नाराज विधायकों की मांगें ठुकराईं

इनकार

तमसा संकेत, एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 25 विधायकों की ज्यादातर मांगें मानने से इनकार कर दिया है। शुक्रवार को श्रीनगर में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के घर हुई बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।

विधायकों ने डिप्टी CM सुरिंदर चौधरी को पद से हटाने या उनसे सड़क एवं भवन निर्माण विभाग वापस लेने की मांग की थी। सूत्रों के मुताबिक, डिप्टी CM से R&B विभाग वापस लिए जाने की संभावना है। हालांकि, उन्हें पद से हटाने पर सहमति नहीं बनी है। पार्टी नेतृत्व ने कैबिनेट में फेरबदल और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगमी को हटाने की मांग भी खारिज कर दी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

नाराज विधायकों के साथ बैठक के बाद फारूक अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत की।

नेशनल कॉन्फ्रेंस से श्रीनगर के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहंदी ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इस दौरान उन्होंने कहा-यह आजादी का फैसला है। मैं एक शहीद की विरासत और पाक खून की नस्ल का प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं अपनी आजादी के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहा हूं। आज दोपहर 2:40 बजे से मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा नहीं हूं।

फारूक बोले- शिकायतों पर काम करेंगे

फारूक ने विधायकों के साथ बैठक के बाद कहा- मैंने विधायकों की शिकायतें सुनी हैं, हम उन पर काम करेंगे। कुछ का समाधान तुरंत होगा, तो कुछ का धीरे-धीरे होगा। वहीं नाराज विधायकों के नेता नजीर गुरेजी ने कहा- हमने पार्टी लीडरशिप के सामने अपनी शिकायतें रखी हैं, उन पर जल्द ध्यान दिया जाएगा।

हालांकि, पार्टी नेतृत्व से मुलाकात के बाद भी विधायकों की नाराजगी खत्म नहीं हुई। उन्होंने विधायक नजीर गुरेजी के घर बंद कमरे में एक और बैठक की।

उद्घाटन : अकबरपुर में सहायक महानिरीक्षक निबंधन और उप निबंधक सदर कार्यालय को मिला नया परिसर

3.55 करोड़ से बना निबंधन विभाग का नया भवन

- राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण
- रवीन्द्र जायसवाल ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन
- निबंधन कार्यालयों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। अकबरपुर में निबंधन विभाग के दो कार्यालयों को नया भवन मिल गया है। गुरुवार को स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने वर्चुअल माध्यम से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय और उप निबंधक सदर अकबरपुर के लिए तैयार इस परिसर के निर्माण पर 3 करोड़ 55 लाख 76 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। नवनिर्मित भवन से सहायक महानिरीक्षक निबंधन और उप निबंधक सदर कार्यालय का कामकाज एक व्यवस्थित परिसर में संचालित हो सकेगा। इससे विभागीय कार्यों के संचालन और नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय और जिला पंचायत प्रशासक साधु वर्मा मौजूद रहे। समारोह में जनप्रतिनिधियों ने नए भवन को जिले की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए उपयोगी बताया। इस मौके पर अयोध्या के सहायक महानिरीक्षक निबंधन जगदंबा शुक्ला, अकबरपुर के उप निबंधक अभिषेक सिंह और टांडा के उप निबंधक सत्येंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

विभागीय जरूरतों के अनुसार तैयार हुआ परिसर

नए भवन का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसएस) ने कराया है। इसमें निबंधन विभाग के प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। नए परिसर से अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थित कार्यस्थल मिलेगा। वहीं, निबंधन संबंधी सेवाओं के लिए आने वाले लोगों को भी बेहतर कार्यालयी व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी।

दिल्ली में प्रदूषण बढ़ा सरकार ने नए प्रतिबंध लागू किए

ओडिशा में लैंडस्लाइड से 7 की मौत, 6 लापता

रोक

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिवाली से पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने पर दिल्ली-NCR में GRAP-III लागू किया गया है। यानी नया कंस्ट्रक्शन, तोड़फोड़, खुदाई, प्लास्टर, टाइल्स का काम, ये सब बंद रहेगा।

BS-4 या उससे नीचे के मानक वाले डीजल वाहन और BS-3 या उससे नीचे के मानक वाले पेट्रोल वाहन नहीं चल सकेंगे।

साथ ही पांचवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में पढ़ाई होगी। ये पाबंदियां नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोनीपत में भी लागू होंगी। यूपी में ठंड बढ़ने लगी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, बाराबंकी, महराजगंज, श्रावस्ती और संभल समेत 20 शहरों में कोहरा छाया रहा।

>> (शेष पेज 06 पर)

- मिर्जापुर में कोहरे के चलते 5 ट्रेनें अगले 3 महीने के लिए कैंसिल

बर्बाद फसलों पर 30% तक मुआवजा बढ़ाया ■ आपदा में मौत पर 8 लाख दिए जाएंगे

योगी का 10 लाख किसानों को दिवाली गिफ्ट

■ वाराणसी में तूफान अर्नब के कारण हजारों बीघा धान की फसल बर्बाद हो गई थी।

ऐलान

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। योगी सरकार ने दिवाली से पहले किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने शुक्रवार को ऐलान किया कि अब फसल के नुकसान पर 25 से 30% ज्यादा मुआवजा मिलेगा। इससे 10 लाख किसानों को फायदा पहुंचने का अनुमान है।

सरकार ने आपदा राहत राशि भी बढ़ा दी है। प्राकृतिक आपदा में मौत होने पर मृतक के परिवार को अब 4 लाख की जगह 8 लाख रुपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, यह फैसला 1 अप्रैल से 4 नवंबर 2026 तक हुए नुकसान पर लागू होगा। 3 दिन पहले योगी ने किसानों को लेकर कहा था- बारिश, बाढ़ और सूखे से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसका मुआवजा दिया जा रहा है, लेकिन सरकार 3 करोड़ किसान परिवारों के लिए जल्द ही अलग विशेष आर्थिक पैकेज लाएगी। सरकार ने रेशम उत्पादन में नुकसान पर मिलने वाली मदद भी बढ़ा दी है। एरी, शहतूत और टसर रेशम के नुकसान पर अब 6 हजार की जगह 7,800 रुपए प्रति हेक्टेयर मिलेंगे। वहीं, मूगा रेशम के नुकसान पर सहायता राशि 7,500 से बढ़ाकर 9,800 रुपए प्रति हेक्टेयर कर दी गई है।

> सिंचाई वाले इलाकों में फसल खराब होने पर अब 17 हजार की जगह 22 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा मिलेगा। बारिश से फसल को नुकसान होने पर 8,500 की जगह 11 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर दिए जाएंगे।
>
> वहीं, बारहमासी फसलों और कृषि वानिकी के नुकसान पर मुआवजा 22,500 से बढ़ाकर 30 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है।

जानवरों की मौत पर पशुपालकों को ज्यादा मुआवजा मिलेगा

आपदा में पशुओं की मौत होने पर अब पशुपालकों को ज्यादा मुआवजा मिलेगा। बड़े पशुओं की मौत पर 40 हजार की जगह 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

बकरी, भेड़ और सूअर जैसे छोटे पशुओं की मौत पर 4 हजार की जगह 5,500 रुपए मिलेंगे। घोड़े और खच्चर जैसे भार ढोने वाले पशुओं की मौत पर 20 हजार की जगह 25,400 रुपए दिए जाएंगे। वहीं, मुर्गीपालकों को हर मुर्गी की मौत पर 100 की जगह 130 रुपए मिलेंगे।

मकान, स्कूल की मरम्मत के लिए ज्यादा मदद मिलेगी

सरकार ने मकान, स्कूल, सड़क और अस्पतालों की मरम्मत के लिए भी मदद बढ़ाई है। मैदानी इलाकों में पूरी तरह टूटे मकान के लिए 1.85 लाख रुपए और पहाड़ी इलाकों में 2.06 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। वहीं, मैदानी इलाकों में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत के लिए 93 हजार रुपए मिलेंगे। इसके अलावा, प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मत के लिए 15.50 लाख रुपए दिए जाएंगे।

फास्ट न्यूज

इनर व्हील क्लब का मनोरंजक कार्यक्रम

गोरखपुर । गोरखपुर में इनर व्हील क्लब ऑफ गोरखपुर होराइजन की ओर से दीपावली के अवसर पर गोद लिए गए विद्यालय के बच्चों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को ओरियन गेम जोन ले जाया गया, जहां उन्होंने विभिन्न खेलों और गतिविधियों में भाग लिया। क्लब की अध्यक्ष खुशबू मोदी और सचिव श्वेता अग्रवाल की मौजूदगी में बच्चों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई।

गोरखपुर जेल में बंद पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष की मौत

गोरखपुर । गोरखपुर जिला कारागार में बंद भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष छोटेलाल पासवान (58) की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। एक नवंबर को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज के नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां कई दिनों से उनका उपचार चल रहा था। गुरुवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। छोटेलाल पासवान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। दरअसल, छोटेलाल पासवान खोराबार गांव के रहने वाले थे।

बड़हलगंज में सफाई कर्मचारियों का सम्मान

गोरखपुर। गोरखपुर के नगर पंचायत बड़हलगंज में दीपावली के अवसर पर 200 सफाई कर्मचारियों को कुकर भेंटकर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. प्रीति उमर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उनके प्रतिनिधि महेश उमर ने सफाई कर्मचारियों को उपहार दिए। इसके साथ ही पत्रकारों और सभासदों को भी उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं।

स्कूटी सिखाते समय अनियंत्रित होकर गिरी स्कूटी

दोनों को सीएचसी सूरतगंज में कराया गया भर्ती

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में स्कूटी चलाना सीखने के दौरान हुए हादसे में चचेरा भाई और बहन घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, सिकोहना गांव निवासी गुलामरसूल का 30 वर्षीय पुत्र नईम अपनी 15 वर्षीय चचेरी बहन अंजुम को स्कूटी चलाना सिखा रहा था। इसी दौरान स्कूटी अचानक अनियंत्रित हो गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में नईम को और अंजुम के चेहरे पर गंभीर चोटें आई चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। स्कूटी सीखने के दौरान हुए इस हादसे से परिजन चिंतित हो गए। फिलहाल दोनों का सीएचसी में उपचार जारी है।

गोरखपुर में धनतेरस दीपावली पर 3 दिन ट्रैफिक डायवर्जन

गोरखपुर। गोरखपुर में धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने तीन दिन का डायवर्जन प्लान जारी किया है। प्लान के मुताबिक, 6, 7 और 8 नवंबर को सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक महानगर के प्रमुख बाजारों और आसपास के मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लागू रहेंगे।

इस दौरान गोलघर, घंटाघर, रेती, नखास और अन्य प्रमुख बाजारों की ओर जाने वाले कई मार्गों पर लोडर, आटो और ई-रिक्शा का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। चार पहिया और दो पहिया वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़ा कर खरीदारी करने की सलाह दी गई है। एसपी यातायात अमित श्रीवास्तव ने बताया कि वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पीड़िता ढाई महीने की प्रेग्नेंट थी, सहारनपुर में पति को छुड़ाने गई थी

गैंगरेप करने वाले इंस्पेक्टर सीओ को 20-साल की कैद

तमसा संकेत, संवाददाता

सहारनपुर । सहारनपुर के एक थाने में ढाई महीने की गर्भवती महिला के साथ गैंगरेप करने के मामले में कोर्ट ने रिटायर्ड डिप्टी एसपी (CO) और इंस्पेक्टर को 20-20 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों दोषियों को जेल भेज दिया। इस दौरान वे गमछे और तौलिए से अपना चेहरा छिपाते नजर आए। मामला वर्ष 2015 का है। महिला के पति को पुलिस ने एक मामले में जेल भेज दिया था। महिला का आरोप था कि उसके पति को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। वह पति के बारे में जानकारी लेने और मदद मांगने थाने पहुंची थी। इसी दौरान तत्कालीन थानाध्यक्ष ब्रजमोहन यादव और इंस्पेक्टर वेगपाल सिंह ने उसके साथ गैंगरेप किया। बाद में ब्रजमोहन यादव प्रमोशन पाकर डिप्टी एसपी बने और इसी पद से रिटायर हुए। करीब 11 साल 3 महीने तक चली कानूनी लड़ाई के बाद महिला को अब इंसाफ मिला है।

एडवोकेट राजीव तोमर ने बताया कि 6 अगस्त 2015 को देवबंद निवासी महिला के साथ थाने के सरकारी क्वार्टर में तत्कालीन एसएचओ ब्रजमोहन यादव, एसआई वेगपाल सिंह, दरोगा पंकज धामा और एक सिपाही ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। घटना के बाद पीड़िता की कहीं सुनवाई नहीं हुई और उसकी FIR तक दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ और जांच CBCID को सौंपी गई। हालांकि, जांच एजेंसी ने आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

पीड़िता बोली- पति की जानकारी लेने थाने गई थी, वहां पुलिसकर्मियों ने गैंगरेप किया

पीड़िता ने बताया कि वह देवबंद की रहने वाली है। 6 अगस्त 2015 को पुलिसकर्मियों ने उसके पति को झूठे मुकदमे में उठा लिया था। उनके बारे में जानकारी लेने और मदद मांगने के लिए वह अपनी ननद के साथ थाने पहुंची थी। वहां एक सिपाही ने कहा कि चौकी इंचार्ज बुला रहे हैं। इसके बाद पंकज धामा उसे और उसकी ननद को थाने ले गए।

पीड़िता के मुताबिक, थाने के पीछे कोतवाल के कमरे में ब्रजमोहन यादव, पंकज धामा, एक लेखपाल और एक सिपाही ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि न्याय की लड़ाई के दौरान उस पर हमले किए गए ।

धनतेरस पर यूपी में करोड़ों की खरीदारी

चेयरमैन ने 4 फॉर्च्यूनर खरीदीं, बस्ती में एक दिन में 60 गाड़ियों की बुकिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में धनतेरस पर बाजारों में रौनक छाई हुई है। कपड़े, बर्तन, ज्वेलरी और ऑटोमोबाइल शोरूम में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ लगी है। गाड़ियों के शोरूम में ग्राहकों का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया जा रहा है। इस बार धनतेरस दो दिन, 6 और 7 नवंबर को मनाया जा रहा है।

बलरामपुर में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ 'धीरू' ने धनतेरस पर एक ही दिन में चार फॉर्च्यूनर गाड़ियां खरीदी हैं। इन चारों गाड़ियों की कुल कीमत करीब 2.20 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वहीं, बस्ती में भी धनतेरस पर ऑटोमोबाइल बाजार में अच्छी खरीदारी देखने को मिली। मारुति सुजुकी के शोरूम में एक दिन में 60 गाड़ियों की बुकिंग हुई है। इन वाहनों की कुल कीमत 10 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है।

धनतेरस पर बरेली के बाजारों में रौनक

धनतेरस के पावन पर्व पर बरेली के प्रमुख सर्राफा बाजार आलमगीरी गंज में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। त्योहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग शगुन के तौर पर सोने व चांदी के जेवरात और सिक्कों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में रौनक लौटने से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

> धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़ और वाहनों की बुकिंग से कारोबारियों में भी उत्साह है। ज्वेलरी, बर्तन और कपड़ों की दुकानों पर भी सुबह से ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है।

नोएडा में आगामी 5 दिनों में 2000 करोड़ के व्यापार होने का अनुमान है। इसको लेकर सर्राफा बाजार से लेकर बर्तन व सजावटी सामान की खरीदारी जमकर की जा रही है। बलरामपुर में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ 'धीरू' ने एक ही दिन में चार फॉर्च्यूनर गाड़ियां खरीदी हैं। इन गाड़ियों की कीमत करीब 2.20 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, चार लोग घायल

दवाइयां लेने सूरतगंज जा रहे बुजुर्ग समेत चार घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, गंभीर हालत में एक जिला अस्पताल रेफर

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र में सूरतगंज-सुढ़ियामऊ मार्ग पर तेलवाय गांव के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार कुल चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से चार घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सूरतगंज पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, दोनों बाइकों पर दो दो लोग सवार थे। एक बाइक पर अंदीपुर गांव निवासी छविराज पुत्र गजोधर (32) और शिवम पुत्र राधेलाल (18) सवार थे। वहीं दूसरी बाइक पर तेलवाय निवासी मिश्रीलाल पुत्र मोल्हे (65) और सिद्धौर कस्बा निवासी, अभिषेक पुत्र सभाजीत (30) वर्षीय तेलवाय निवासी बताया जा रहा है कि अभिषेक अपनी बाइक से मिश्रीलाल की दवा लेने के लिए सूरतगंज जा रहे थे। इसी दौरान तेलवाय गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपी-32 एफजी 0685 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी अतुल बाजपेई और पायलट अनूप कुमार ने तत्परता दिखाते हुए एक ही एम्बुलेंस पर चार घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया।

वारदात : भतीजे से था अवैध संबंध, खून से लथपथ मिला शव, घटना पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मन्दरी गांव की

महिला की सिलबट्टे से चेहरा कूंचकर हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पति ने सिलबट्टे से महिला के चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया। उसके दोनों आंखों और माथे पर ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शक के आधार पर महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस पुछताछ में आरोपी पति ने बताया- मेरी पत्नी का भतीजे से अवैध अवैध संबंध था। इसी लेकर आए दिन झगड़ा होता था। घटना पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मन्दरी गांव की है। मृतका की पहचान बिजमा देवी (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कौशांबी जिले के चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव की रहने वाली थी। करीब 10 वर्ष पहले उसकी शादी पूरामुफ्ती के मंदरा गांव निवासी सुमन कुमार से हुई थी। दोनों के तीन छोटे बच्चे हैं। बड़ी बेटी चार वर्ष की है, जबकि अन्य दो बच्चों की उम्र तीन और दो वर्ष बताई जा रही है। पुलिस फोरेंसिक साक्ष्यों और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है, ताकि हत्या की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। पिता रामभवन ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब पूरामुफ्ती थाने से उन्हें सूचना दी गई कि उनकी बेटी की हत्या हो गई है।

■ पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है मायके वाले ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर भी आरोप लगा रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया है।

रात 2:30 बजे मिली हत्या की सूचना

गुरुवार रात करीब 2:30 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि मंदरा गांव में एक महिला की घर के भीतर हत्या कर दी गई है। सूचना पर सबसे पहले डायल-112 की टीम और उसके बाद पूरामुफ्ती पुलिस मौके पर पहुंची। घर के अंदर महिला का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की और संदेह के आधार पर पति सुमन कुमार को हिरासत में ले लिया।

> घटना के बाद पुलिस ने सुबह मृतका के मायके वालों को सूचना दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया।

तीन दिन पहले ही मायके से लौटी थी महिला

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोपी पति सुमन कुमार ने बताया- मेरी पत्नी का मेरे भतीजे से अवैध संबंध था। उसको कई बार समझाया को मानने को तैयार नहीं थी।

इसी को लेकर आए दिन झगड़ा होता है। कल रात में भी पत्नी उस लड़के से मिली। इसी बात को लेकर हम लोगों में झगड़ा हुआ। इसके बाद हमने हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह भी जानकारी मिली है कि तीन दिन पहले ही सुमन अपनी पत्नी को उसके मायके से वापस लेकर आया था।

काशी के स्टेशनों पर नहीं हो रही बैग की चेकिंग

वाराणसी । धनतेरस और दीपावली को देखते हुए वाराणसी के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। ट्रेनों में सीटों से ज्यादा यात्री दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही नजर आ रही है। वाराणसी के दो प्रमुख रेलवे स्टेशनों- वाराणसी जंक्शन (कैंट) और बनारस स्टेशन पर यात्रियों के बैग की एक्स-रे मशीन से नियमित जांच नहीं हो रही है। बता दें कि दो दिन पहले ही वाराणसी नगर निगम, काशी हिंदू विश्वविद्यालय और सीएचएस को ई-मेल भेजकर 8 नवंबर को बम धमाके की धमकी दी गई थी। कैंट स्टेशन पर बैग जांचने की एक्स-रे मशीन चालू है। यहां अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है कि यात्री अपना बैग चेक कराकर आगे जाएं। इसके बावजूद यात्रियों के सामान की सख्ती से जांच होती नजर नहीं आई। वहीं, बनारस स्टेशन पर गेट नंबर एक पर लगी एक्स-रे मशीन बंद मिली। प्लेटफॉर्म नंबर आठ की तरफ से आने वाले गेट पर बैग जांचने की मशीन की व्यवस्था ही नहीं है।

वाराणसी में सड़क जाम करने पर 45 लोगों पर एफआईआर

चौबेपुर-बाबतपुर मार्ग पर शव रखकर हंगामा किया था

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । चौबेपुर थाना क्षेत्र के गुरुवट गांव में 76 वर्षीय इंद्रावती देवी की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चौबेपुर-बाबतपुर मुख्य मार्ग पर जाम लगाने के आरोप में बृजेश मिश्रा और अजय यादव समेत 45 लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की 8 धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंद्रावती देवी का पोस्टमार्टम होने के बाद 5 नवंबर की शाम शव परिजनों को सौंपा गया था। शव घर पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने चौबेपुर-बाबतपुर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में कई एंबुलेंस भी फंस गईं। पुलिस के काफी समझाने के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद शव को रास्ते से हटाकर यातायात बहाल कराया गया। थाना प्रभारी सधुबन राम गौतम के मुताबिक, इंद्रावती देवी का शव 5 नवंबर को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया था। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान राजापुर गांव निवासी बृजेश मिश्रा और गुरुवट गांव निवासी अजय यादव पर परिजनों को आगामी विधानसभा और पंचायत चुनाव में राजनीतिक लाभ के लिए उकसाकर सड़क जाम कराने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, शाम करीब 6 बजे जाम लगने से आम लोगों के साथ मरीजों को भी परेशानी हुई।

अब हर ब्लॉक में 200 पशुपालकों को मिलेगा प्रशिक्षण, 17 से 30 नवंबर तक चलेगा अभियान

पशुपालन से बढ़ेगी कमाई

कार्यक्रम

पशुओं के टीकाकरण, नस्ल सुधार, पोषण और सरकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने और विभागीय योजनाओं का लाभ पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए जिले में प्रशिक्षण अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत 17 से 30 नवंबर तक सभी विकासखंडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रत्येक ब्लॉक में 200 पशुपालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें पशुओं की सेहत, संतुलित आहार, टीकाकरण, नस्ल सुधार और पशुपालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

पशुपालन विभाग की प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना के तहत गुरुवार को विकास भवन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में जिले के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी और पैरावेट्स शामिल हुए। प्रशिक्षण में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आधुनिक पशुपालन तकनीकों पर चर्चा हुई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन की नन्दिनी और मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना तथा नेशनल लाइव स्टॉक मिशन की योजनाओं की जानकारी दी। इसमें बकरी पालन, सूकर पालन और पशुधन बीमा भी शामिल रहे। उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति-2022 के तहत लेयर मुर्गी पालन और अंडा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी प्रक्रियाओं और विभागीय प्रावधानों पर भी जानकारी दी गई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि 17 से 30 नवंबर के बीच सभी विकासखंडों में प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक में 200 पशुपालकों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। उन्हें पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, आधुनिक तकनीक और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे इनका लाभ लेकर अपनी पशुपालन गतिविधियों को बेहतर बना सकें।

भारत पशुधन एप पर दर्ज होंगी पशुपालन गतिविधियां

कार्यक्रम का संचालन करने वाले पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार चक्रवर्ती ने भारत पशुधन एप के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने पैरावेट्स और पशु मित्रों को कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण सहित पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों का विवरण एप पर अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई।

नस्ल सुधार, टीकाकरण और बांझपन की समस्या पर जोर

प्रशिक्षण में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अकबरपुर डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने कृत्रिम गर्भाधान और नस्ल सुधार के बारे में बताया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आलापुर डॉ. संजय पांडेय ने पशुओं को बीमारियों से बचाने और समय पर टीकाकरण कराने की जानकारी दी। डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने कृमिनाशक दवाओं के प्रयोग, संतुलित आहार और पशु पोषण के बारे में समझाया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी टांडा डॉ. शिवचंद यादव ने पशुओं में बांझपन की समस्या और उसके निदान के उपाय बताए।

शिक्षक निर्वाचन की मतगणना पर उठाए सवाल, शिक्षकों ने निकाला मौन जुलूस

गोरखपुर-फैजाबाद खंड निर्वाचन में अनियमितताओं का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना में कथित अनियमितताओं के विरोध में माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) ने गुरुवार को मौन जुलूस निकाला। शिक्षकों ने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति और मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि 27 अक्तूबर को गोरखपुर विश्वविद्यालय में हुई मतगणना के दौरान गंभीर अनियमितताएं हुईं। इससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतगणना की पारदर्शिता और निष्पक्षता जरूरी है।

अटेवा के संयोजक रामबली त्रिशरण ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या संगठन के राजनीतिक हितों से जुड़ा नहीं है। यह लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिक के मताधिकार की प्रतिष्ठा का सवाल है। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की बात करने वाले सत्ता पक्ष और विपक्ष को ऐसे मामलों में भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

ये रहे मौजूद

मौन जुलूस और ज्ञापन सौंपने के दौरान रवीन्द्र वर्मा, अरविन्द प्रताप यादव, प्रत्युष चौधरी, कुंदन मौर्य, प्रदीप भारतीय, अरुण यादव, महेंद्र कन्नौजिया, चंद्र प्रकाश वर्मा, रमेश राजभर, चंदीप प्रजापति, अजय कुमार और राम सागर यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

फास्ट न्यूज

धनतेरस पर वाराणसी में बर्तन खरीदने पहुंचे ग्राहक

वाराणसी । दीपावली से पहले धनतेरस पर वाराणसी के बाजारों में खरीदारी शुरू हो गई है। बर्तनों की दुकानों पर ग्राहक पहुंच रहे हैं।

वार्ड नंबर 86 के शेख सलीम फाटक स्थित हाजी अब्दुल मजीद की बर्तन दुकान पर भी खरीदारों की चहल-पहल रही।

दुकान संचालक मोहम्मद जुबैर ने बताया कि महंगाई का असर त्योहार की खरीदारी पर पड़ा है।

काशी की सफाई के लिए दीपावली पर 8 हजार कर्मचारी

वाराणसी । काशी में दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज को लेकर रौनक बढ़ गई है। त्योहारों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में शहर को साफ-सुथरा रखना नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसे देखते हुए नगर निगम ने सफाई व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। करीब 8 हजार सफाईकर्मियों को तीन शिफ्टों में लगाया गया है। घाटों, मंदिरों, बाजारों और प्रमुख सड़कों पर दिन-रात सफाई कराई जा रही है। कर्मचारी 24 घंटे सफाई अभियान में जुटे हैं, ताकि सुबह होते ही शहर साफ नजर आए।

धनतेरस पर बनारस की गुलाबी मीनाकारी की बढ़ी मांग

वाराणसी । धनतेरस पर बाजार में सोने-चांदी के साथ बनारस की पारंपरिक गुलाबी मीनाकारी की चमक भी बढ़ गई है। लोग इस बार गुलाबी मीनाकारी से बनी गणेश प्रतिमाओं, श्रीमूर्तियों और चांदी के गहनों की खरीदारी कर रहे हैं। बनारस की यह पारंपरिक कला अब देश के अलग-अलग राज्यों के साथ अमेरिका, जापान, कनाडा और जर्मनी तक पहुंच चुकी है।

नए कलेवर में तैयार हुआ एएसपी पश्चिमी का कार्यालय

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) कार्यालय का नवीनीकरण कराया गया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने नवीनीकृत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

नवीनीकरण के बाद बदली कार्यालय की सूरत, प्राची सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लिया जायजा

उद्घाटन के बाद एसपी ने कार्यालय के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं और कार्य व्यवस्था का जायजा लिया। नवीनीकरण के बाद कार्यालय को प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के अनुरूप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि कार्यालयों में बेहतर सुविधाएं और सुव्यवस्थित कार्य वातावरण प्रशासनिक कामकाज को सुचारु बनाने में मदद करते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) कार्यालय के नवीनीकरण से कार्यों के संचालन में सुविधा होगी और पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

दीपोत्सव की रंगोलियों में सजा जनगणना का संदेश

अब घर बैठे खुद दर्ज करें परिवार का ब्योरा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। दीपावली की सजावट के बीच इस बार सरकारी कार्यालयों में रंगोलियों के जरिए जनगणना-2027 में भागीदारी की अपील की गई। कहीं रंगों से स्व-गणना का संदेश उकेरा गया तो कहीं आकर्षक आकृतियों के माध्यम से लोगों को परिवार का विवरण खुद ऑनलाइन दर्ज करने के लिए प्रेरित किया गया। शुक्रवार को जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोलियां सजाईं।

जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशा प्रिया की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी वैभव मिश्रा और जिला विकास अधिकारी सविता सिंह की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई। जिला पंचायत राज कार्यालय में जिला पंचायत राज अधिकारी तथा तहसील टांडा में तहसीलदार की मौजूदगी में भी छात्र-छात्राओं ने स्व-गणना का संदेश दिया। जिले के अन्य सरकारी कार्यालयों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत 16 से 30 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान लोग निर्धारित पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर पोर्टल पर जाकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने जनपदवासियों से निर्धारित समय में स्व-गणना करने और परिवार का सही व सटीक विवरण दर्ज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार की भागीदारी जरूरी है।

नवोदय प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

28 नवंबर को 17 केंद्रों पर होगी परीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए सत्र 2027 की चयन परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। परीक्षा के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी 28 अक्तूबर से नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। चयन परीक्षा 28 नवंबर को जिले के 17 केंद्रों पर आयोजित होगी।

जवाहर नवोदय विद्यालय अंबेडकरनगर के प्राचार्य बीके यादव ने बताया कि कक्षा छह की चयन परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए उन्हें नवोदय विद्यालय समिति के पोर्टल या आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करना होगा। इसके बाद प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा।

कक्षा छह में दाखिले के लिए पंजीकृत अभ्यर्थी ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे प्रवेश पत्र, केंद्र और परीक्षा का समय एडमिट कार्ड पर होगा दर्ज

प्रवेश पत्र पर परीक्षा केंद्र और परीक्षा का समय दर्ज होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसमें दी गई जानकारी जांच लें। परीक्षा के दिन निर्धारित समय से पहले केंद्र पर पहुंचें, ताकि अंतिम समय में किसी तरह की असुविधा न हो।

सीईआईआर पोर्टल की मदद से अलग-अलग क्षेत्रों से ट्रेस किए गए फोन

185 मोबाइल बरामद कर पुलिस ने लौटाई लोगों की संपत्ति

एसपी प्राची सिंह ने मालिकों को सौंपे कीमत 37 लाख

जनसुनवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। किसी का मोबाइल फोन खो गया था तो किसी का गुम होने के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। ऐसे लोगों के लिए अंबेडकरनगर पुलिस की मोबाइल रिकवरी सेल ने राहत पहुंचाई है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और जनसुनवाई में मिले प्रार्थना पत्रों के आधार पर 185 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 37 लाख रुपये है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा और गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर लोग तत्काल नजदीकी थाने में सूचना दर्ज कराएं। साथ ही सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल का आईएमईआई नंबर दर्ज कर उसे ब्लॉक कराने और ट्रेस करने के लिए अनुरोध करें।

फोन मिलते ही खिल उठे मालिकों के चेहरे

बरामद मोबाइलों को जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया। लंबे समय से फोन मिलने का इंतजार कर रहे लोगों को जब उनका मोबाइल वापस मिला तो उन्होंने पुलिस टीम का आभार जताया। बरामद किए गए 185 मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 37 लाख रुपये बताई गई है।

तकनीकी निगरानी से तलाशे गए 185 मोबाइल

मोबाइल बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक देवेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी सर्विलांस अरुण कुमार नौहवार के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल की मोबाइल रिकवरी टीम ने कार्रवाई की। टीम ने सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल से मिले तकनीकी डाटा का विश्लेषण किया। इसके आधार पर अलग-अलग क्षेत्रों में गुम मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को भी अभियान में शामिल किया गया।

इससे मोबाइल की बरामदगी की प्रक्रिया में मदद मिल सकती है। मोबाइल गुम या चोरी होने पर नागरिक ceir.gov.in पोर्टल पर जाकर संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल का आईएमईआई नंबर जरूरी है। पुलिस ने लोगों से मोबाइल गुम होने की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को दूसरी बार मिली जमानत

पॉक्सो की विशेष अदालत ने बदली गई धारा में स्वीकार की अर्जी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर में किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी मोहम्मद सैफ को पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत से दूसरी बार जमानत मिल गई है। इमामबाग, शहजादपुर निवासी आरोपी की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश मोहन कुमार ने बदली गई धारा के तहत स्वीकार की। इससे पहले हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ उसे अन्य आरोपों में जमानत दे चुकी थी।

अकबरपुर की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बहन पांच अगस्त 2026 को उसके साथ रहते समय लापता हो गई थी। आरोप लगाया कि मोहम्मद सैफ उसे बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर ले गया और उससे शादी कर ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने, अपहरण और नाबालिग से जुड़े यौन अपराध के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने नाबालिग से जुड़े यौन अपराध की धारा में बदलाव करते हुए दुष्कर्म की धारा जोड़ दी। इसके बाद आरोपपत्र दाखिल किया गया। हाईकोर्ट से पहले अन्य आरोपों में जमानत मिलने के बाद आरोपी ने बदली गई धारा में भी राहत के लिए विशेष अदालत में अर्जी दाखिल की थी। विशेष अदालत ने जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए आरोपी को हाईकोर्ट के पहले आदेश में निर्धारित बंधपत्र और जमानतदारों के आधार पर रिहा करने का निर्देश दिया।

शराब वितरण कंपनी में धोखाधड़ी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। शराब वितरण कंपनी में धोखाधड़ी, कूटरचित अभिलेख तैयार करने और धनराशि के गबन के मामले में वांछित आरोपी रवि चंद्र गिरि को राजेसुल्तानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान उसे पकड़ा। आरोपी मदैनिया गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार, मामले में अमित चंद्र गिरि देशी और अंग्रेजी शराब के साथ बीयर की लाइसेंसी वितरण कंपनी में वेतनभोगी एजेंट के पद पर नियुक्त था। आरोप है कि उसने अपने पद और कंपनी के भरोसे का दुरुपयोग किया। उसने अपने भाई रवि चंद्र गिरि, पिता गुलाब चंद्र गिरि और माता शीला गिरि के साथ मिलकर कथित तौर पर धोखाधड़ी और षड्यंत्र किया। आरोप है कि कंपनी की धनराशि का गबन करने के उद्देश्य से एक्साइज रजिस्टर और कंप्यूटर पासवर्ड का दुरुपयोग किया गया। कंप्यूटर से बिल डिलीट कर कूटरचित अभिलेख और बिल तैयार किए गए। इसके बाद कंपनी की रकम परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के बैंक खातों में भेज दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजेसुल्तानपुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामसुमेर यादव और पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की।

एक्साइज रजिस्टर और कंप्यूटर पासवर्ड के दुरुपयोग से बिल डिलीट कर रकम हड़पने का आरोप, राजेसुल्तानपुर पुलिस ने दबोचा

समारोह : बच्चों ने नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिखाई प्रतिभा

'वन नेशन, वन ड्रीम' के संदेश के साथ सेंट पीटर्स का वार्षिकोत्सव संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रचनात्मकता के नाम रहा। नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और रंगारंग कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाई। डिजिटल दुनिया के बढ़ते प्रभाव से लेकर नए भारत की तस्वीर तक, प्रस्तुतियों में कई सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों को मंच मिला। समारोह का समापन विद्यार्थियों की सामूहिक प्रस्तुति 'वन नेशन, वन ड्रीम' के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज चंद्रोदय कुमार, विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर प्रतीक्षा सिंह और इलाहाबाद डायसिस के डायोसेसन एजुकेशन डायरेक्टर फादर मेल्विन विल्सन डिसूजा रहे। अध्यक्षता इलाहाबाद डायसिस के बिशप लुईस मस्करेनस ने की। अतिथियों के आगमन पर विद्यालय के बैंड ग्रुप ने संगीतमय धुनों से स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। बिशप लुईस मस्करेनस ने 'सिनर्जी' का अनावरण किया। प्रार्थना नृत्य के माध्यम से ईश्वर का स्मरण किया गया। प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में 'बियॉन्ड द स्क्रीन्स' विषय पर प्रस्तुत नाटक खास रहा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने डिजिटल युग में स्क्रीन के बढ़ते प्रभाव और वास्तविक जीवन के महत्व को दर्शाया। प्रस्तुति ने मोबाइल और डिजिटल उपकरणों के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया।

मंच पर दिखी नए भारत की तस्वीर

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत ओपनिंग सेरेमनी की झांकी से हुई। इसमें विद्यार्थियों ने भारत की प्रमुख समस्याओं को प्रस्तुत करते हुए उनके समाधान का संदेश दिया। 'द कल्चरल एक्स्ट्रावैगेंजा' के तहत नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। नन्हे विद्यार्थियों ने 'वेक अप, लिटिल सनशाइन' और 'द हैप्पी लिटिल वर्ल्ड' से दर्शकों का मनोरंजन किया। 'लेट होप राइज', 'नया भारत-द राइजिंग होराइजन', 'टाइनी स्टेप्स, बिग टुमारो', 'द फ्यूचर बिगिन्स विद अस', 'विंग्स ऑफ टुमारो', 'ब्रेकिंग थ्रू द स्टॉर्म', 'रिदम्स ऑफ होप' और 'स्पिरिट ऑफ भारत' जैसी प्रस्तुतियों में आशा, आत्मविश्वास, राष्ट्रीय एकता और उज्ज्वल भविष्य के विचार सामने आए। विद्यार्थियों की वेशभूषा, नृत्य और अभिनय ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

रंगोलियों में उभरी भारतीय संस्कृति की झलक

दीप जलाकर मनाया प्री-दीपावली उत्सव

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। एमआरए मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के पैथोलॉजी विभाग में शुक्रवार को प्री-दीपावली उत्सव आयोजित किया गया। एलाइड एंड हेल्थकेयर के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाईं और दीप प्रज्वलित कर उत्सव में भाग लिया। रंगोली और दीप सज्जा से विभाग का परिसर सजा नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश और अज्ञानता से ज्ञान की ओर बढ़ने का संदेश देती है। विद्यार्थियों को 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' के भाव को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने रंगोलियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता दिखाई। दीप सज्जा के साथ उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आयोजन एलाइड एंड हेल्थकेयर के नोडल अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश गौतम और रेडियोलॉजी के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ।

इस दौरान डॉ. राजेश्वरी, डॉ. अजफर जमाल, डॉ. आशीष, डॉ. श्वेता, डॉ. उमेश वर्मा, डॉ. मुकेश राणा और डॉ. वीरेंद्र यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सम्पादकीय

खीझ निकालती कांग्रेस

कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ दिल्ली के रामलीला मैदान की अपनी वोट बचाओ-देश बचाओ रैली में दावे और साथ ही अपेक्षा से कहीं कम भीड़ जुटने के कारण जिस तरह कई राज्यों के दो सौ से अधिक पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया, उससे उसकी हताशा और खीझ का ही पता चलता है। अधिकतर निलंबित पदाधिकारी युवक कांग्रेस के हैं। इनमें प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव स्तर के नेता हैं। इन पर गाज इसलिए गिरी, क्योंकि वे दिल्ली आए ही नहीं।

कांग्रेस के युवा नेताओं की रामलीला मैदान में अनुपस्थिति केवल यही बयान नहीं कर रही कि उन्हें पार्टी नेतृत्व और विशेषकर राहुल गांधी के इस नैरेटिव में कोई दम नहीं दिखा कि मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण की प्रक्रिया यानी एसआइआर के जरिये वोट चोरी की जा रही है। उनकी दिल्ली में गैरहाजिरी यह भी बता रही है कि कांग्रेस का युवा संगठन शिथिल और उत्साहहीन है।

संभव है कि इसका कारण राहुल गांधी की ओर से एसआइआर को वोट चोरी करार देकर उसे अनावश्यक तूल देना हो। यह पहली बार नहीं, जब राहुल ने ऐसा मुद्दा उठाया हो, जो आम जनता का ध्यान नहीं खींच सका। इसके पहले उन्होंने राफेल सौदे को लेकर चौकीदार चोर है का नारा गढ़ा, लेकिन नाकाम रहे। ईवीएम के खिलाफ मोर्चा खोलने से भी उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। उनके इस आरोप ने भी जनता के बीच कोई असर नहीं दिखाया कि मोदी सरकार केवल चंद उद्यमियों के लिए ही काम कर रही है।

राहुल गांधी और उनके साथी यह समझने को तैयार नहीं कि किसी तत्वहीन मुद्दे को तूल देने और अशालीन भाषा इस्तेमाल करने से वह प्रभावी मुद्दा नहीं बन जाता। जब कोई मुद्दा जनता का ध्यान आकृष्ट नहीं कर पाता तो उसे लेकर पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं को लोगों को अपने साथ जोड़ना कठिन हो जाता है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के साथ यही हो रहा है।

समस्या यह है कि अपनी गलतियों से सबक सीखने के स्थान पर कांग्रेस अतिवादी किस्म के वामपंथियों और ऐसे लोगों को साथ लेना पसंद कर रही है, जो अराजकता की राजनीति करने के लिए जाने जाते हैं। अभी हाल तक काकरोच जनता पार्टी से दूरी बनाने वाली कांग्रेस ने दिल्ली की अपनी रैली के लिए उसे भी अपने साथ लेना जरूरी समझा। यह वह समूह है, जिस पर विदेशी संगठनों के प्रभाव में काम करने के आरोप लगे हैं।

शायद इसी कारण प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष भारत विरोधी ताकतों के साथ मिलकर देश तोड़ने की साजिश रच रहा है। गत दिवस केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि सीजेपी नेताओं को बाहरी देशों से वित्तीय मदद मिल रही है। यदि ऐसा कुछ है तो केवल आरोपों से बात नहीं बनेगी। सरकार को अपने आरोपों के पक्ष में तथ्य सामने रखने होंगे।

दीपावली बने विकसित एवं समृद्ध भारत की नई ज्योति

दीपावली केवल अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व नहीं है, यह मनुष्य के भीतर सोई हुई चेतना को जगाने, जीवन की दिशाहीनता को दिशा देने और सभ्यता के वर्तमान पड़ाव पर अपने मूल्यों का पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर है। आज भारत विकसित भारत, समृद्ध भारत, समर्थ भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पयात्रा पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। दुनिया भारत की आर्थिक शक्ति, तकनीकी सामर्थ्य, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक दृष्टि को नए विश्वास के साथ देख रही है। ऐसे समय में दीपावली का दीपक केवल घर की चौखट पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के आकाश में भी जलना चाहिए। हमारे सामने एक बड़ा प्रश्न है-जब दीपों की संख्या बढ़ रही है, तब मनुष्य के भीतर का प्रकाश क्यों मंद पड़ रहा है? घर जगमगा रहे हैं, बाजार रोशन हैं, महानगरों की इमारतें विद्युत-दीपों से नहा रही हैं, तकनीक जीवन को सुविधाओं से भर रही है, फिर भी मनुष्य के भीतर तनाव, असुरक्षा, हिंसा, स्वार्थ, असहिष्णुता और मोह का अंधकार क्यों गहराता जा रहा है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हमने दीपक तो बहुत जला लिए, लेकिन अपने भीतर बाती लगाना भूल गए? मनुष्य को अनावश्यक हिंसा छोड़ने का संकल्प करना होगा। जब तक मनुष्य के भीतर प्रतिशोध की आग जलती रहेगी, तब तक संसार में शांति का दीपक पूरी तरह प्रज्वलित नहीं हो सकता। अहिंसा केवल जैन दर्शन का सिद्धांत नहीं, बल्कि भविष्य की मानव सभ्यता की आवश्यकता है। एक सुंदर आध्यात्मिक दृष्टांत है। अंधकार ने ब्रह्मा से शिकायत की कि सूर्य उसका पीछा करता है और उसे मिटा देना चाहता है। सूर्य ने कहा-मैं तो अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर है, पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करो। जब अंधकार को सूर्य के सामने आने के लिए कहा गया तो उसने उत्तर दिया-मैं उसके पास कैसे आऊं? उसके सामने आते ही मेरा अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। यही सत्य धर्म और अज्ञान के संबंध का है। जहां ज्ञान का सूर्य उदित हो जाता है, वहां अज्ञान का अंधकार टिक नहीं सकता। जहां करुणा का दीप जलता है, वहां हिंसा की कालिमा ठहर नहीं सकती। जहां आत्मसंयम की ज्योति प्रज्वलित होती है, वहां मोह और मूर्च्छा का साम्राज्य धीरे-धीरे ढहने लगता है। इसीलिए दीपावली की वास्तविक सार्थकता केवल घर की सफाई में नहीं, अंतःकरण की सफाई में है। हम महीनों से घर के कोने-कोने की धूल हटाते हैं, पुराने सामान को व्यवस्थित करते हैं, दीवारों को सजाते हैं और घर को नया रूप देते हैं। लेकिन क्या कभी हमने अपने मन के कोनों में जमी ईर्ष्या की धूल झाड़ी? क्या क्रोध की कालिख साफ की? क्या अहंकार के जाले हटाए? क्या लोभ और मोह के पुराने सामान को बाहर निकाला? यदि इस दीपावली हम अपने भीतर की ऐसी सफाई कर पाए, तो यही पर्व हमारे जीवन का सबसे बड़ा उत्सव बन जाएगा। महान दार्शनिक संत आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने अंतर्दर्शन को आत्मप्रकाश का मार्ग बताया। उनका संकेत स्पष्ट था कि बाहर की दुनिया को देखने की हमारी आदत बहुत गहरी है, जबकि भीतर झांकने की साधना बहुत कमजोर। आज मनुष्य के पास दुनिया देखने के लिए असंख्य माध्यम हैं, लेकिन स्वयं को देखने का समय नहीं। मोबाइल की स्क्रीन चमक रही है, लेकिन मन की स्क्रीन धुंधली होती जा रही है। सूचना का भंडार बढ़ रहा है, पर आत्मबोध का दीप क्षीण हो रहा है। यही आज की सबसे बड़ी विडंबना है-हम चाँद पर पहुँचने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन अपने भीतर के अंधेरे कोनों तक पहुँचने में संकोच कर रहे हैं। नया भारत केवल ऊँची इमारतों, तेज गति की अर्थव्यवस्था, अत्याधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे से नहीं बनेगा। विकसित भारत की असली पहचान उसके नागरिकों की विकसित चेतना से होगी। समृद्धि तभी सार्थक है जब संवेदना जीवित रहे, शक्ति तभी मंगलकारी है जब उसमें संयम हो, विज्ञान तभी कल्याणकारी है जब उसके साथ विवेक हो और विकास तभी पूर्ण है जब उसके केंद्र में मनुष्य तथा प्रकृति दोनों के प्रति करुणा हो। भारत की सनातन संस्कृति ने सदियों पहले जीवन का यही सूत्र दिया था-तमसो मा ज्योतिर्गमय। अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, असंयम से संयम की ओर और स्वार्थ से परमार्थ की ओर बढ़ना ही भारतीय संस्कृति की जीवनधारा है। आज जब भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है, तब उसकी सबसे बड़ी पूँजी केवल अर्थव्यवस्था या तकनीकी शक्ति नहीं, बल्कि उसकी सनातन जीवनदृष्टि है। दीपावली इस सनातन संस्कृति को नया आकाश देने का पर्व बन सकती है। हमें दुनिया को केवल यह नहीं बताना कि भारत आर्थिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हमें यह भी दिखाना है कि भारत मानवीय मूल्यों के साथ विकास करना जानता है। ऐसा विकास, जिसमें प्रकृति के लिए स्थान हो, वंचित के लिए संवेदना हो, वृद्ध के लिए सम्मान हो, युवा के लिए अवसर हो, नारी के लिए गरिमा हो और प्रत्येक मनुष्य के लिए सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण जीवन हो। आज आवश्यकता है कि दीपावली के दीपक को राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक बनाया जाए। एक दीप आत्मसंयम का, एक अहिंसा का, एक पर्यावरण-संरक्षण का, एक सामाजिक समरसता का, एक नारी-सम्मान का, एक ईमानदारी का और एक राष्ट्रनिष्ठा का। जब करोड़ों घरों के करोड़ों दीप इन मूल्यों के साथ जलेंगे, तब भारत की रोशनी केवल घरों और बाजारों तक सीमित नहीं रहेगी, वह विश्वमानवता का पथ आलोकित करेगी।

दीपक की एक विशेषता है-वह स्वयं जलता है और दूसरों को प्रकाश देता है। यही भारत की संस्कृति का मूल चरित्र है। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना लेकर चलने वाला भारत अपने उत्थान को विश्वकल्याण से अलग नहीं देख सकता। भारत यदि विश्वगुरु बनना चाहता है तो उसे दुनिया को केवल ज्ञान नहीं, जीवन का संतुलन भी देना होगा, केवल समृद्धि का मॉडल नहीं, शांति का मार्ग भी दिखाना होगा।

-ललित गर्ग

> 66
> **आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, घृणा और वैमनस्य की जड़ें किसी मशीन या हथियार में नहीं, मनुष्य की विकृत चेतना में होती हैं। इसलिए आतंकवाद की समस्या का स्थायी समाधान केवल सुरक्षा-व्यवस्था से नहीं होगा।**

रावलकोट के उमर...

अशोक भाटिया, वसई

रोशनी का त्योहार बनाम दमन का अंधेरा: रावलकोट का क्रंदन और पाकिस्तान का बेनकाब होता कश्मीर नैरेटिव

एक तरफ जहां पूरा भारतवर्ष रोशनी, उल्लास और बंधुत्व के महापर्व दीपावली के पावन प्रकाश में नहाया हुआ है, जहां हर घर के मुहाने पर जलते दीये और आसमान को छूती आतिशबाजी एक जीवंत और प्रगतिशील लोकतंत्र की खुशहाली को बयां कर रही है, वहीं दूसरी तरफ भारत के ही एक अभिन्न हिस्से—पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से आ रही चीखें और धुंआ मानवता के अंतःकरण को झकझोर रहा है। जब स्वतंत्र भारत के नागरिक अपने परिवारों के साथ सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं, ठीक उसी समय नियंत्रण रेखा के उस पार रावलकोट में निर्दोष कश्मीरियों के घरों पर बारूद बरस रहा है। यह विरोधाभास केवल दो भौगोलिक क्षेत्रों की स्थिति का अंतर नहीं है, बल्कि यह दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के चरित्र का जीवंत दस्तावेज है। एक तरफ वह भारत है जो विकास, लोकतंत्र और जनकल्याण के पथ पर अग्रसर है, और दूसरी तरफ वह पाकिस्तानी हुकूमत है जो अपने अवैध नियंत्रण वाले क्षेत्र के निहत्थे नागरिकों की वाजिब आवाजों को दबाने के लिए सैन्य ताकत, अंधाधुंध गोलीबारी और विनाशकारी ड्रोन हमलों का सहारा ले रही है। रावलकोट में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों और असैन्य बस्तियों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए हालिया ड्रोन हमलों और अंधाधुंध गोलीबारी में कम से कम सात निर्दोष नागरिकों (जिनमें चार मासूम बच्चे भी शामिल हैं) की मौत और 23 से अधिक लोगों का लहूलुहान होना इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि इस्लामाबाद के लिए PoK की जनता केवल एक भौगोलिक बंधक है, जिसके बुनियादी मानवाधिकारों की उसकी नजर में कोई कीमत नहीं है।

रावलकोट के उमर फारूक चौक और बस टर्मिनल के समीप हुए इस हिंसक सैन्य एक्शन की पृष्ठभूमि को समझना बेहद जरूरी है। यह अशांति कोई अचानक उपजा तात्कालिक कानून-व्यवस्था का संकट नहीं है, जैसा कि पाकिस्तानी जनसंपर्क तंत्र इसे स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। असल में, जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले PoK की स्थानीय आबादी पिछले कई महीनों से अपने बुनियादी हकों के लिए शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर रही है। उनकी मांगें बेहद बुनियादी और तार्किक हैं—सस्ती बिजली, आटे और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति, उनके अपने जल और प्राकृतिक संसाधनों पर स्थानीय नियंत्रण, और दमनकारी प्रशासनिक व्यवस्था से मुक्ति। यह अत्यंत हास्यास्पद और क्रूर सच्चाई है कि जिस क्षेत्र की नदियों से पैदा होने वाली पनबिजली से पूरा पाकिस्तान रोशन होता है, उसी PoK के लोग भारी-भरकम बिजली बिलों और अघोषित कटौती के खिलाफ सड़कों पर बैठने को मजबूर हैं। इस लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन का जवाब पाकिस्तान की जनरल आसिम मुनीर के नेतृत्व वाली सेना ने संवाद से देने के बजाय संगीनों, मिसाइलों और आधुनिक सैन्य ड्रोनों से दिया है। नागरिकों के रिहायशी मकानों को निशाना बनाकर किए गए इन हमलों ने स्थानीय अवाम के भीतर संचित आक्रोश को एक राष्ट्रव्यापी नागरिक विद्रोह में तब्दील कर दिया है। मस्जिदों के लाउडस्पीकरों से गूंजती प्रतिरोध की अपीलें और सुरक्षा बलों के सामने सीना तानकर खड़ी महिलाएं इस बात का साक्ष्य हैं कि अब वहां का समाज भय की सीमा को पार कर चुका है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीरियों के खून से अपने हाथ रंगे हैं, लेकिन इस बार रावलकोट में जिस बर्बरता का प्रदर्शन किया गया, उसने युद्ध के नियमों और मानवाधिकारों की तमाम अंतरराष्ट्रीय संधियों को तार-तार कर दिया है। युद्ध के मैदान में दुश्मनों के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले मिलिट्री ड्रोनों का प्रयोग अपने ही नियंत्रण वाली असैन्य आबादी और बच्चों पर करना एक अक्षम्य युद्ध अपराध (War Crime) की श्रेणी में आता है। स्थानीय नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर दिखाए गए बमों के छर्रे और जली हुई इमारतें अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के लिए आंखें खोलने वाली होनी चाहिए। सूचनाओं के प्रवाह को रोकने के लिए रावलकोट और आसपास के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क तथा इंटरनेट सेवाओं को पूरी तरह ठप कर दिया गया है ताकि सेना की इस क्रूरता की गवाहियां दुनिया के सामने न आ सकें। तथ्य छुपाने की इस हताश कोशिश के बावजूद जो खबरें और वीडियो छनकर बाहर आ रहे हैं, वे दिल दहला देने वाले हैं। जून से अब तक इस खूनी दमन चक्र में 153 से अधिक स्थानीय नागरिक अपनी जान गंवा चुके हैं।

दक्षिण कोरिया...

सरिता वर्मा

उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की नई मंजिल बनेगा, दक्षिण कोरियाई कंपनियों को निवेश का न्योता

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अपनी संभावनाओं को वैश्विक निवेश में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। दक्षिण कोरिया की कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा में आयोजित गोलमेज बैठक में औद्योगिक सुविधाओं, निवेश नीतियों और प्रस्तावित कोरिया सिटी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। ऑटोमोबाइल कलपुर्जों, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर भी जोर रहा। कोरिया वर्ल्ड क्लास एंटरप्राइज एसोसिएशन (ज़ॅब्म्।) का कारोबारी प्रतिनिधिमंडल 12 से 15 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहा। 400 से अधिक कोरियाई कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में उद्योगों के विस्तार और कारोबारी साझेदारी की संभावनाएं तलाशीं।

दक्षिण कोरिया की कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश के कई क्षेत्र सामने आए हैं। सेमीकंडक्टर, विशेष रसायन, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, ऑटोमोबाइल कलपुर्जे और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। यूनिटेक, हाना माइक्रोन, डोंगजिन सेमिकेम और शिला इंडस्ट्रियल सहित दक्षिण कोरियाई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया। कुल 18 कंपनियों की भागीदारी वाली इस बैठक में भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण उद्योगों का विस्तार न केवल औद्योगिक निवेश बढ़ाने, बल्कि तकनीकी सहयोग और रोजगार के नए अवसर तैयार करने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। इन क्षेत्रों में निवेश से स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं, सहायक उद्योगों और विनिर्माण इकाइयों को भी वैश्विक कारोबारी नेटवर्क से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (न्च्म्स्ब्) ने प्रदेश की इलेक्ट्रॉनिक्स नीति, इन्वेस्ट यूपी ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (थ्क्प्) नीति और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने उपलब्ध औद्योगिक भूमि की जानकारी दी गयी है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्रस्तावित कोरिया सिटी की योजना प्रस्तुत की। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए उपलब्ध सुविधाओं और संभावित अवसरों से परिचित कराया गया। कोरिया सिटी की योजना दक्षिण कोरियाई कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। औद्योगिक भूमि और निवेश प्रोत्साहन से जुड़ी सुविधाओं के साथ यह पहल कंपनियों को अपनी विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने और भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का अवसर दे सकती है। प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश की एफडीआई/एफसीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 एवं फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों, निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (ळब्ब्) नीति-2024 की जानकारी भी साझा की। इन नीतियों का उद्देश्य प्रदेश में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने, वैश्विक कंपनियों के लिए कारोबारी अवसर बढ़ाने और रोजगार सृजन को गति देना है।

स्वार्थ और परमार्थ

व्यक्तिगत स्वामित्व का संयम,मान-सम्मान,पूजा-प्रतिष्ठा की कोई आकांक्षा नही,सिर्फ़ और सिर्फ़ अनासक्ति और विरक्ति के भाव आदि - आदि हो । स्वार्थ भावना को जो छोड़कर परमार्थ भाव विकसित कर औरों को आनंद ख़ुशी दे वही महादानी है। स्वार्थ में आसक्ति तो बिना छाया के सूखी लकड़ी है और सदैव संताप देने वाली है , और परमार्थ तो पीपल – वृक्ष के समान छायादार सुख का समुन्दर एवं कल्याण की जड़ है । अतः हम परमार्थ को अपना कर उसी रस्ते पर चलने की कोशिश करें । हम कल के भरोसे न रहें, कब हमारा आयुष्य बंध हो जाये और हम कल के भरोसे इस दुर्लभतम मनुष्य जीवन को गवाँ दें। विज्ञान कहता है की दूसरों की मदद करते हुए यदि दिल में खुशी हो तो वही सेवा हैं बाकी सब दिखावा हैं । और तो और कई वैज्ञानिक विश्लेषण में पाया गया की जो लोग दान देते हैं उन्हें हृदय सम्बंधी समस्याएं कम होती है।क्योंकि दवा से ज़्यादा दुआ काम करती हैं । उदारमना व्यक्ति-परिवार सहजता से व्यापक व विशिष्ट बनते है। श्रम द्वारा अर्जित सम्पदा समाज हित-मानव एवं प्राणी हित में संचय करने से आत्मा प्रफुल्लित और प्रसन्न रहती है। भूमिदान-चिकित्सा दान-शिक्षादान-नेत्रदान-आहार दान-श्रमदान आदि- आदि कोई छोटा या बड़ा नही अपनी शक्ती अनुसार दान संतोष भाव लाता है अहंकार नही। कहते हैं कि स्वार्थ भावना को छोड़कर परमार्थ भाव विकसित कर औरों को आनंद ख़ुशी दे वही परमानंद है। वैसे हमारे नैसर्गिक गुणात्मकता को सामने रखकर अपने कर्तृत्व को अपने दायित्व को उंचा उठाने का बेहतरीन तरीक़ा हैं स्नेह दान-प्रेम दान जो हर संघर्ष से टकराकर भी नित नयी उड़ान भर उज्जवल भविष्य का विश्वास दिलाती हैं । हमारे मज़बूत क़दमों की आवाज़ को आश्वास देती हैं । वैसे दानों में दान अभय दान हैं । वह दान करने से अनाशक्ति से विसर्जन की भावना पुष्ट होती हैं। स्वार्थ और परमार्थ ये दो शब्द हैं । स्वार्थ अपने लिए ।

› प्रदीप छाजेड़

जरा हटके

इसी प्रकार जनपद...

डॉ0 सीमा गुप्ता

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से बलरामपुर में स्वरोजगार को नई उड़ान

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी अभिनव पहल 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जनपद बलरामपुर में शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं के लिए स्वावलम्बन तथा आर्थिक सशक्तीकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। स्वयं का सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने की दिशा में युवाओं का बढ़ता रुझान जनपद के आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा दे रहा है। इस योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे ब्याजमुक्त और गारंटी-मुक्त वित्तीय सहयोग ने स्थानीय युवाओं में उद्यमशीलता, नवाचार और आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ किया है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने तथा आगामी दस वर्षों में दस लाख नए सूक्ष्म उद्यमी तैयार करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस नीति के केंद्र में ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों के प्रशिक्षित युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही आजीविका के सम्मानजनक साधन उपलब्ध कराना है। जनपद बलरामपुर जैसे विकासशील एवं आकांक्षी क्षेत्र में इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के हुनर को उत्पादक कार्यों से जोड़ना, उन्हें स्थानीय स्तर पर ही आत्मनिर्भर बनाना और आजीविका की खोज में होने वाले पलायन पर अंकुश लगाना है।

जनपद बलरामपुर में योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा ठोस कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न वित्तीय संस्थानों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। जनपद में इस वित्तीय वर्ष के तहत 1,400 युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया। इस निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जिला प्रशासन द्वारा युवाओं के 1,447 आवेदन विभिन्न बैंक शाखाओं को प्रेषित किए गए। अब तक 503 युवाओं को ऋण राशि का प्रत्यक्ष वितरण कर उनके उद्यम स्थापित कराए जा चुके हैं, जबकि 476 अन्य आवेदनों को बैंकों द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। शेष आवेदनों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर समीक्षा की जा रही है। योजना की रूपरेखा युवाओं को वित्तीय जोखिमों से मुक्त रखकर व्यवसाय आरंभ करने की अनुकूल परिस्थितियां प्रदान करती है। इसके तहत 21 से 40 वर्ष के न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण तथा मान्यता प्राप्त संस्थानों से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में नई सूक्ष्म इकाई स्थापित करने के पात्र हैं। प्रथम चरण में पात्र अभ्यर्थियों को पांच लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस ऋण पर चार वर्षों तक शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान की व्यवस्था है, जिससे यह पूर्णतः ब्याजमुक्त रहता है। साथ ही, परियोजना लागत का 10 प्रतिशत (अधिकतम 50 हजार रुपये) मार्जिन मनी अनुदान तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) का पूरा शुल्क भी सरकार द्वारा वहन किया जाता है। उद्यमों के स्थायित्व और विस्तार को ध्यान में रखते हुए योजना में दूसरे चरण का भी सुव्यवस्थित प्रावधान रखा गया है। प्रथम चरण के ऋण का समयबद्ध और सफल पुनर्भुगतान करने वाले उद्यमी अपने कारोबार के विस्तार के लिए द्वितीय चरण में दस लाख रुपये तक की परियोजना स्थापित करने के पात्र बन जाते हैं। इस चरण में 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर तीन वर्षों के लिए 50 प्रतिशत ब्याज उपादान प्रदान किया जाता है। यह वित्तीय व्यवस्था जनपद बलरामपुर के नवोदित उद्यमियों को अपने व्यापार को स्थानीय स्तर से आगे ले जाकर क्षेत्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाने का अवसर देती है। जनपद में योजना के व्यावहारिक प्रभाव का उत्कृष्ट उदाहरण नगर क्षेत्र के चौक निवासी तरुण सिंह की सफलता है। कोविड-19 के उपरांत लखनऊ से अपनी पढ़ाई पूरी कर घर लौटने के बाद तरुण सिंह ने लगभग तीन वर्षों तक नौकरी की तलाश की, किंतु अनुकूल अवसर नहीं मिल सके। विपरीत परिस्थितियों के बीच उन्होंने गृह जनपद में ही उद्यम स्थापित करने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन के सहयोग से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त कर उन्होंने उतरौला मार्ग स्थित धर्मपुर में एक आधुनिक रेस्टोरेंट की स्थापना की। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए इस उद्यम को उन्होंने अपने प्रबंधन और लगन से आगे बढ़ाया। वर्तमान में उनके रेस्टोरेंट से आठ अन्य स्थानीय नागरिकों की आजीविका भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

इसी प्रकार जनपद के खलवा क्षेत्र की श्वेता सिंह ने महिला सशक्तीकरण और व्यावसायिक आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत पांच लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया और स्थानीय बाजार की मांग के अनुरूप आर्टिकल व उपहार सामग्रियों की आधुनिक दुकान स्थापित की। वित्तीय संबल मिलने से श्वेता सिंह ने न केवल अपने पैरों पर खड़े होकर आर्थिक स्वावलंबन हासिल किया, बल्कि जनपद की अन्य युवतियों के समक्ष भी यह सिद्ध किया कि सरकारी योजनाओं के सहयोग से महिलाएं भी सफल उद्यमी बन सकती हैं। जनपद बलरामपुर में योजना की पहुंच प्रत्येक पात्र युवा तक सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सिंगल-विंडो और पारदर्शी व्यवस्था अपनाई गई है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाया गया है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और युवाओं को घर बैठे आवेदन की सुविधा मिली है। इसके साथ ही युवाओं को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, तकनीकी व व्यावसायिक परामर्श देने और वित्तीय अनुशासन सिखाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। बैंक शाखाओं के साथ समन्वय बनाकर ऋण स्वीकृति से लेकर वितरण तक की समयावधि को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आकांक्षी जनपद की श्रेणी में सम्मिलित बलरामपुर की सामाजिक-आर्थिक संरचना को मजबूत करने में यह योजना उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है।

खंभे से बांधे रखा ग्राम प्रधान ने यौन हिंसा की, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

महिला को निर्वस्त्र कर 3 घंटे तक पीटा

गुहार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। सिद्धार्थनगर के खेसरहा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के साथ तालिबानी बर्बरता की गई है। उसे जब पुलिस और स्थानीय स्तर पर कोई मदद नहीं मिली तो वह शुक्रवार को लखनऊ पहुंच गई। यहां महिला आयोग से गुहार लगाई। उसने आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से मिलकर आपबीती सुनाई।

पीड़िता ने महिला आयोग और पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और उसके सहयोगियों ने उसके साथ बर्बरता की। रंजिश के चलते घर में घुसकर निर्वस्त्र किया। खंभे से बांधकर करीब 3 घंटे तक बेरहमी से पीटा। यौन हिंसा की। धर्म परिवर्तन के लिए कहा और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उसका कहना है कि थाने में दी गई उसकी मूल लिखित शिकायत को थानाध्यक्ष ने फाड़कर फेंक दिया। उसकी सहमति के बिना मनमाना विवरण दर्ज कर लिया गया और उल्टा उसके खिलाफ ही झूठी कार्रवाई कर दी गई। मेडिकल परीक्षण (MLC) न होने के कारण पीड़िता को अपने शरीर पर आई चोटों के फोटो और वीडियो खुद सुरक्षित रखने पड़े हैं।

घर में घुसकर की गई बर्बरता और मारपीट

पीड़िता के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 7 बजे जब वह बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी कर रही थी, तभी गांव के प्रधान अहमद हुसैन, गनी, शमी, असलम, बदरुन्निशा, रिजवाना खातून समेत 20-25 लोग जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़कर उसे निर्वस्त्र कर दिया, बाल पकड़कर घसीटा और एक खंभे से बांधकर लगभग तीन घंटे तक लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा। बीच-बचाव करने आईं गांव की अन्य महिलाओं को भी आरोपियों द्वारा धमकाया गया।

पीड़िता ने राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई।

> **अपर्णा यादव ने घटना को बेहद गंभीर और भयावह अपराध बताया। उन्होंने कहा कि महिला को पीटा गया, उसके ही कपड़ों से बांधा गया और नग्न अवस्था में प्रताड़ित किया गया। साथ ही उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया।**
>
> **उन्होंने कहा कि यह मामला झकझोर देने वाला है। महिला आयोग पीड़िता की पूरी पैरवी करेगा और उसे हर हाल में न्याय दिलाएगा। आयोग पीड़िता के साथ खड़ा है।**

यौन शोषण, गर्भपात और धर्म परिवर्तन का दबाव

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ग्राम प्रधान पूर्व में भी उसे प्रताड़ित करता रहा है। पीड़िता का आरोप है कि नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई थी और बाद में जबरन दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया गया। इस बार की घटना के दौरान उस पर धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव बनाया गया और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

सपा मुख्यालय के बाहर पीडीए की नई परिभाषा

होर्डिंग में पावर, ड्राइव और एक्शन के बहाने जेन जी, जेन अल्फा टारगेट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में होर्डिंग को लेकर सियासत लगातार तेज हो रही है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर दीपावली के मौके पर नई होर्डिंग लगाया गया। इसमें PDA की नई परिभाषा पेश करने के साथ तीन पीढ़ियों को एक साथ साधने की कोशिश की गई है। होर्डिंग पर नारा दिया गया- 'अंधकार पर प्रहार, अखिलेश हैं तैयार'। होर्डिंग में मिलेनियल्स, Gen Z और Gen Alpha को केंद्र में रखकर संदेश दिया गया है। इसमें लिखा है- 'Millennials Power, Gen Z's Drive, Gen Alpha's Action'। इसके साथ ही 'Three Generations, One Future: Akhilesh' का संदेश भी दिया गया है। इसके जरिए मिलेनियल्स की ताकत, Gen Z की सकारात्मक ऊर्जा और Gen Alpha के एक्शन को नए भविष्य से जोड़ने की कोशिश की गई है। होर्डिंग सपा नेता इंजीनियर हिमांशु द्विवेदी ने लगवाई है। उनका कहना है कि PDA सिर्फ एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि सभी वर्गों और पीढ़ियों को साथ लेकर चलने की सोच है। अखिलेश यादव बुजुर्गों का सम्मान करते हैं, युवाओं के विचारों को महत्व देते हैं और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को लेकर भी चिंतित रहते हैं। अखिलेश यादव तीनों पीढ़ियों को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं।



फास्ट न्यूज

अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक राम लखन (42) की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी राम लखन ऑटो चलाते थे। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे वह ऑटो लेकर घर से निकले थे।

मौलाना अतहर की पुण्यतिथि पर प्रतियोगिता

लखनऊ । लखनऊ में शिया डिग्री कॉलेज, नक्खास में शुक्रवार को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के संस्थापक अध्यक्ष मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर की 10वीं पुण्यतिथि पर फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। इसका आयोजन वन वॉयस ट्रस्ट की ओर से किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन अंडमान एवं निकोबार के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में मौलाना अतहर के धार्मिक और सामाजिक जीवन से जुड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। डॉ. दिनेश शर्मा ने उन्हें सर्वधर्म सम्मानीय बताते हुए उनसे जुड़ी यादें साझा कीं।

इंदिरानगर में दीपावली मिलन समारोह

लखनऊ । लखनऊ में इंदिरानगर के ए-ब्लॉक स्थित योग पार्क में गुरुवार को दीपावली मिलन समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों के लिए ड्राइंग, नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

केजीएमयू में एसटीएफ रिपोर्ट पर कार्यपरिषद की बैठक खत्म

नामजद प्रोफेसर डॉ. सुरेश बाबू भी शामिल

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । KGMU में धर्मांतरण और डॉ.रमीज मामले में आरोपी डॉक्टरों पर कार्रवाई को लेकर शुक्रवार कार्यपरिषद (EC) की आपात बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने की। इसमें STF की सात पेज की जांच रिपोर्ट रखी गई। रिपोर्ट में शामिल 13 डॉक्टरों की भूमिका पर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई थी।

बैठक में STF रिपोर्ट में नामजद डॉ. प्रोफेसर सुरेश बाबू भी शामिल हुए। कार्यपरिषद की बैठक से ठीक पहले KGMU शिक्षक संघ ने STF की जांच रिपोर्ट पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिक्षक संघ के महासचिव डॉ. संतोष कुमार ने 5 नवंबर को कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद को पत्र लिखकर रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

संघ का आरोप है कि रिपोर्ट में कई शिक्षकों के नाम, विभाग और उनसे जुड़े मामलों की जानकारी गलत दर्ज की गई है। ऐसे में तथ्यों की पुष्टि और संबंधित शिक्षकों का पक्ष सुने बिना कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। कार्यपरिषद की बैठक में STF की रिपोर्ट में शामिल 13 डॉक्टरों के मामले प्रमुखता से रखे जाएंगे। सभी कार्यपरिषद सदस्यों को बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है। रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों और आरोपों के आधार पर संबंधित डॉक्टरों की भूमिका पर चर्चा होगी। इसके बाद कार्यपरिषद तय करेगी कि किस डॉक्टर के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए।

लॉट दिलाने के बहाने ऐंठे रुपए, फर्जी कागज बनवाकर संपत्ति पर कब्जा की, अलग-अलग तरीके से ठगी

तीन लोगों से 97 लाख की ठगी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में ठगों ने मकान, जमीन और अन्य संपत्ति के नाम पर तीन अलग-अलग लोगों से कुल 97 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित पक्षों की शिकायत पर पीजीआई, वजीरगंज और पारा थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआई-आर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामलों की तफ्तीश में जुटी है।

ठगों ने तीनों लोगों से अलग-अलग तरीके से रुपए ऐंठे हैं। पीड़ित व्यापारी को मकान दिलाने का झांसा देकर 43.50 लाख रुपए की ठगी की। वहीं दूसरे मामले में एक बुजुर्ग महिला के पति के निधन के बाद फर्जी कागज बनवाकर पत्नी बनकर संपत्ती का बैनामा कर लिया।

रजिस्ट्री के बाद जब 2026 में व्यापारी कब्जा लेने पहुंचे, तब उन्हें बैंक का एक नोटिस मिला। इसमें पता चला कि मकान पहले से ही बैंक के पास बंधक (मॉर्टगेज) है। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने मनोज से अपनी रकम वापस मांगी, तो उसकी पत्नी और बेटे विश्वजीत ने 10 लाख रुपए तो लौटा दिए, लेकिन शेष 33.50 लाख रुपए देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने धमका कर भगा दिया।

परेशान होकर व्यापारी ने पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई। एडीसीपी दक्षिणी आर वसंथ कुमार ने बताया कि पीजीआई पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और तफ्तीश के लिए पीड़ित से ठगी से जुड़े दस्तावेज मांगे गए हैं। चिनहट के कमता चर्च रोड निवासी सीमा बाजपेई का कृष्णा नगर के विजय नगर में एक और मकान है। उनके पति देवेंद्र नाथ मिश्रा का निधन 26 अप्रैल 2021 को हो गया था। सीमा ने बताया कि 26 जुलाई 2022 को जब वह कृष्णा नगर स्थित अपने मकान पर गईं, तो उन्हें पता चला कि सुलतानपुर की रहने वाली रेखा देवी ने उस पर कब्जा कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने अधिकारियों से इन चारों की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

लोन पास कराकर बैंक के पास बंधक मकान बेचा

बाराबंकी के फतेहपुर निवासी व्यापारी संजय कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात पीजीआई के पंचमखेड़ा निवासी मनोज कुमार शर्मा से हुई थी। मनोज ने खुद को सेवानिवृत्ति सैन्य कर्मी बताया और कहा कि वह व उसकी पत्नी नीलम देवी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। आरोपी ने सरोजनीनगर स्थित अपनी साइट पर बने एक मकान को बेचने की बात कही, जिसका सौदा 43.50 लाख रुपए में तय हुआ। तय यह हुआ कि इसमें से 33.50 लाख रुपए का लोन आरोपी खुद कराएगा। व्यापारी के मुताबिक, लोन पास होने के बाद उन्होंने 43.50 लाख रुपए दंपती को दे दिए।

जांच में सामने आया कि रेखा देवी ने स्वप्निल शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला व सतीश कुमार के साथ मिलकर गहरी साजिश रची। इसके तहत रेखा ने खुद को मृत देवेंद्र की पत्नी बताकर उनकी करोड़ों की संपत्ति का बैनामा अपने नाम करा लिया और इसे बेचकर 55 लाख रुपए हड़प लिए। यह संपत्ति का बैनामा उपनिबंधक सदर पंचम (वजीरगंज) कार्यालय में कराया गया था।

नैमिष नगर-वरुण विहार योजना की लॉटरी प्रक्रिया पूरी 38,457 लोगों ने कराया था रजिस्ट्रेशन

धनतेरस पर 860 परिवारों को मिले एलडीए के प्लॉट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में धनतेरस की शाम 860 परिवारों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आई। लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) की नैमिष नगर और वरुण विहार आवासीय योजना के प्रथम चरण की लॉटरी प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। अंतिम दिन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 860 प्लॉटों का आवंटन किया गया। लॉटरी में नाम निकलते ही किसी आवेदक के चेहरे पर खुशी दिखी तो कोई भावुक हो गया।

दोनों योजनाओं में आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से कराई गई। इसके लिए आवेदकों को खुले मंच पर बुलाया गया और उन्हीं के हाथों से लॉटरी की पर्चियां निकलवाई गईं। पूरी प्रक्रिया का यू-ट्यूब पर लाइव प्रसारण भी किया गया। एलडीए ने दोनों आवासीय योजनाओं के लिए 24 सितंबर से 27 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। इस दौरान कुल 38,457 लोगों ने आवेदन किया। तीन दिन तक चली लॉटरी में पहले दिन 2,243, दूसरे दिन 1,436 और अंतिम दिन 860 प्लॉटों का आवंटन किया गया। इस तरह तीनों दिन में कुल 4,539 प्लॉट आवंटित किए गए। लॉटरी के दौरान कई आवेदक यू-ट्यूब पर लाइव प्रसारण के जरिए अपने नाम का इंतजार करते रहे। नाम निकलने की जानकारी मिलते ही कुछ लोग इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंच गए। आवंटन होने पर सफल आवेदकों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई गई और आवेदकों को लॉटरी देखने का मौका भी मिला।

वरुण विहार में 727 प्लॉट आवंटित

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर सभागार में वरुण विहार योजना की लॉटरी कराई गई। अंतिम दिन यहां 162, 288, 300 और 450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के कुल 727 प्लॉट आवंटित किए गए। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि लॉटरी में आवेदकों की मौजूदगी में पर्चियां निकलवाई गईं।

वहीं, मार्स हॉल में नैमिष नगर योजना की लॉटरी आयोजित हुई। इसमें 288 और 450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के कुल 133 प्लॉट आवंटित किए गए। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की मौजूदगी में लकी ड्रॉ की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

पिकअप और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

दुकान पर खाना देने जा रहे थे, कंटेनर को ओवरटेक करते समय टकराए

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक दुकान पर बाइक से खाना देने जा रहे थे, तभी आगे चल रही कंटेनर को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही पिकअप से टकरा गए। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर शवों की पहचान की। दोनों पेंटिंग का काम करते थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना विभूतिखंड इलाके में शुक्रवार सुबह की है।

ऐशबाग के गुलजार नगर के रहने वाले आरिफ (18) पुत्र अनीश और फैजू (15) एक साथ पेंटिंग का काम करते थे। दोनों शुक्रवार सुबह प्लसर बाइक से दुकान पर खाना लेकर जा रहे थे। आगे चल रही कंटेनर को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही पिकअप से बाइक की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों लोहिया अस्पताल भेज दिया। आसपास के लोगों से पूछताछ कर पिकअल चालक के बारे में जानकारी जुटाने में पुलिस जुट गई है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री के बैग से 8 कारतूस मिले

लखनऊ। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के हैंड बैग से .32 बोर के आठ कारतूस मिले। लाइसेंस दिखाने के बाद पुलिस ने उसे जाने दिया, लेकिन तब तक उसकी फ्लाइट जा चुकी थी। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम 6:05 बजे लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6968 के यात्रियों के सामान की डोमेस्टिक सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एटीआर-एस मशीन से जांच हो रही थी।

कार्रवाई : पांच आरोपी गिरफ्तार, 1.23 करोड़ की नकदी बरामद गुजरात तक फैला था नेटवर्क

1.50 करोड़ की लूट का खुलासा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के आशियाना इलाके में एक व्यापारी से हुई 1.50 करोड़ रुपए की लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने ऑपरेशन क्लीन के तहत इस वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आशियाना पुलिस भी मौजूद रही।

पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई रकम में से 1 करोड़ 23 लाख रुपए नकद बरामद कर लिए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल बाइक, लूट के पैसों से खरीदी गई XUV कार और अन्य सामान भी जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में दो लखनऊ और तीन गुजरात से दबोचे गए हैं। यह घटना 24 अक्टूबर 2026 को हुई थी। पकड़े गए आरोपियों में दो लखनऊ और तीन गुजरात से दबोचे गए हैं। इन आरोपियों का गुजरात तक नेटवर्क फैला था। जांच में सामने आया कि इस वारदात को बेहद शातिर तरीके से सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दिया गया था, जिसमें अलग-अलग जगहों के अपराधी शामिल थे। पुलिस ने छापेमारी कर कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें लखनऊ से सुमित यादव उर्फ कल्लू निवासी फिरोजाबाद और सत्यम निवासी मैनपुरी, गुजरात से जय कुमार पटेल, यश कुमार और प्रज्ञेश कुमार को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सामान बरामद किया है। इसमें 1 करोड़ 23 लाख रुपये नकद, वारदात में इस्तेमाल हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, लूट की रकम से खरीदी गई पल्सर बाइक और एक XUV कार, एक 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। जिसमें कई मोबाइल फोन और एक आईफोन शामिल है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी (मध्य) के निर्देश पर आशियाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें लगाई गईं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी सर्विलांस व साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों तक पहुंची।

औरंगाबाद अंडरपास के पास दिन दिनदहाड़े लूट की

गुजरात के मेहसाणा के रहने वाले व्यापारी अमृत कुमार अपनी कारोबारी जरूरत के लिए भारी मात्रा में नकदी लेकर लखनऊ आए थे। 24 अक्टूबर को आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद अंडरपास के पास बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया और 1 करोड़ 50 लाख रुपये लूट लिए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर 25 अक्टूबर को आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अयोध्या अम्बेडकरनगर वृत्त, लो०नि०वि०, अयोध्या

पत्रांकः 6865/1(1) काम अयो०अ० वृत्त/26 दिनांक 31.102026

अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना (एस०बी०डी०)

(ई-प्रोक्यूरमेट सूचना) स्वीकृति की प्रत्याशा में

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन हेतु निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो०नि०वि० के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनाक 12.11.2026 से दिनाक 25.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक आमत्रित की जाती है। ई-निविदा की प्री क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड दिनाक 25.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो०नि०वि० के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के रागक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में प्री क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्सियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत है -

क्र० सं०	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू० लाख में)	धरोहर धनराशि (रू० लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जीएसटी० सहित (रू० में)	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	जनपद अम्बेडकरनगर में सिकन्दरपुर नरियांव मार्ग (अ0जि0मा0) के चैनेज 0.000 से 4.000 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य	920.00	18.40	12 माह	2714.00	ए

निविदा से सबधित नियम / शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
1-बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी०एस०टी० को छोडते हुये लगायी गयी है।
2-निविदा आनलाईन दिनांक 12 11 2026 से दिनांक 25112026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओ की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
3-शासनादेश संख्या 1/2018-3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनाक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एव वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
4-निविदादाता संबंधित अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तों / नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,
अम्बेडकरनगर

अधीक्षण अभियन्ता,
अयो० अम्बे० वृत्त, लो०नि०वि०,
अयोध्या
For and on behalf of
Governor of U.P.

UP. 260534 Dt. 05/11/2026 www.up.gov.nic.in

जेल में आजम खान से मिलीं पत्नी तंजीन फातिमा

बातचीत

बोलीं- हालात अच्छे नहीं, न बिस्तर है न पलंग, गंदगी में रखा जा रहा

■ तंजीन फातिमा ने कहा- उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। फिर भी जेल में ऐसी हालत में रखा जा रहा है।

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । सपा के पूर्व मंत्री आजम खान से मुलाकात करने उनकी पत्नी तंजीन फातिमा दोपहर करीब 12 बजे डासना जेल पहुंचीं। यहां पहुंचकर उन्होंने एक घंटा करीब वरिष्ठ जेल अधीक्षक से बातचीत की। इसके बाद आजम खान से मिलीं। मुलाकात करने के बाद उन्होंने कहा- जो असली हालात हैं वह ठीक नहीं है। न बिस्तर है न ही पलंग है। तंजीन फातिमा के साथ बड़ा बेटे अदीब आजम और मुंहबोली बेटी एकता कौशिक भी साथ रहीं। वहीं इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य और समर्थक जेल के बाहर ही रहे।

तंजीन फातिमा ने कहा- आजम खान को ऐसे रखा गया है। कातिल तो खुलेआम घूमता है, लेकिन आजम साहब को ऐसे रखा गया है जैसे वह भाग जाएं। कोर्ट में हम बता चुके हैं कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, उन्हें स्टंट पड़ चुका है। सारी रिपोर्ट हम कोर्ट में दे चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी जेल में ऐसी हालात में रखा जा रहा है। इस दौरान आजम खान के बड़े बेटे अदीब आजम भी साथ रहे। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने रविवार सुबह 10.30 बजे आजम को विशेष PMLA कोर्ट में पेश किया। जहां ले उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कार की खिड़की का शीशा खोला तो मीडिया ने पूछा- कुछ बोलेंगे नहीं? इस पर जवाब दिया- क्या रह गया है बोलने को। मनी लॉन्ड्रिंग केस में ED ने आजम खान को 6 दिन पहले शनिवार शाम को रामपुर जेल से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया था। वहां से ED उन्हें कार से सीधे दिल्ली हेड ऑफिस ले गई थी। रातभर वहीं रखा। जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण में सरकारी पैसे के इस्तेमाल को लेकर 50 से ज्यादा सवाल किए।

> जिला प्रशासन ने अन्य बंदियों की मिलाई की तरह इन्हें आजम खान से मिलवाया। जहां एलआईयू भी अलर्ट रही। पांच दिन पहले ईडी ने आजम खान को जेल के गेट से ही अरेस्ट किया था। जिसके बाद गाजियाद की पीएमएलए कोर्ट में पेश कर जेल भेजा था।

हालात अच्छे नहीं हैं

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से मुलाकात करने के बाद उनकी पत्नी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद तंजीन फातिमा ने कहा कि हालात अच्छे नहीं हैं। जो असली हालात हैं वह ठीक नहीं है। न बिस्तर है न ही पलंग है।

एक ऐसे व्यक्ति के लिए जो 10 बार विधायक रह चुके हैं, राज्यसभा और लोकसभा से सांसद रह चुके हैं। मैं खुद भी राज्यसभा भी रह चुकी हूं। जेल में गंदगी में रखा गया है।

■ 5 दिन पहले रविवार को आजम खान को गाजियाबाद की डासना जेल भेजा गया था। यह जेल से पहले की फोटो है।

हाईकोर्ट में डेट लगी है

आजम खान की पत्नी ने कहा कि हमारा पहला मकसद आजम खान को जेल से बाहर निकालना है। इसके लिए हम पूरे प्रयास कर रहे हैं। हाईकोर्ट में डेट लगी है, हमें उम्मीद है कि जल्द ही आजम खान जेल से बाहर आ सकते हैं और कोर्ट से हमें इंसाफ मिलेगा। जो व्यक्ति राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभा में 10 बार एमएलए बने उनके साथ भी यह सब कुछ किया जा रहा है।

आगरा में बंद कोचिंग के अंदर मिला टीचर का शव

मैथ पढ़ाते थे, मंगलवार से बंद थी स्कूल भी नहीं पहुंचे

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में कोचिंग के अंदर गणित के टीचर का शव मिला। शव कई दिन पुराना लग रहा है। टीचर की पहचान ओपी यादव के रूप में हुई है। वह शिवालिक स्कूल में गणित के शिक्षक थे और आवास विकास चौकी क्षेत्र के बीएस प्लाजा स्थित सेमी बेसमेंट में कोचिंग चलाते थे। मंगलवार से कोचिंग बंद थी और ओपी यादव स्कूल भी नहीं पहुंचे थे। घटना जगदीशपुरा थाना क्षेत्र की है।

शिक्षक ओपी यादव आवास विकास सेक्टर-3 स्थित बीएस प्लाज़ा के भूतल (ग्राउंड फ्लोर) पर छात्रों को गणित की ट्यूशन पढ़ाते थे। सोमवार के बाद से ही उनका मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा था। मंगलवार को जब छात्र पढ़ाई के लिए पहुंचे, तो कोचिंग सेंटर पर ताला लगा मिला।

शुक्रवार सुबह जब मार्केट के अन्य दुकानदारों और स्थानीय लोगों को कोचिंग सेंटर के भीतर से तेज दुर्गंध महसूस हुई, तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अनहोनी की शंका होते ही लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही जगदीशपुरा थाना पुलिस की टीम तुरंत बीएस प्लाज़ा पहुंची और कोचिंग सेंटर का दरवाजा खोलकर जांच शुरू की। अंदर शव काफी हद तक क्षत-विक्षत हालत में मिला, जिससे कई दिनों पुराना होने की आशंका है। डीसीपी सिटी रविंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे।

फास्ट न्यूज

बागेश्वर धाम के समर्थन में संतों की बैठक

मथुरा। वृंदावन में शुक्रवार को दूसरे दिन भी साधु संत और धर्माचार्यों की बैठक हुई। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में हुई इस मीटिंग में धर्माचार्य और साधु संतों ने कहा कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कुछ भी गलत नहीं कहा। उनके बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कुछ सनातन विरोधी लोग उनका विरोध कर रहे हैं। साधु संतों ने कहा कि सभी साधु संत और धर्माचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में हैं।

कानपुर विश्वविद्यालय में धन्वंतरि जयंती

कानपुर । कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की औषधि वाटिका में भगवान धन्वंतरि जयंती पर हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नीमा (NIMA) वूमेन्स फोरम के तत्वावधान में हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक सहित आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञ, चिकित्सक और शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में विधि-विधान से भगवान धन्वंतरि का पूजन किया गया।

धनतेरस पर आगरा में बिका 40 लाख का डायमंड सेट

आगरा। धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी को शुभ मानने की परंपरा के चलते मंगलवार को आगरा के बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के ज्वेलरी शोरूम में सुबह से ही ग्राहकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। एमजी रोड स्थित तनिष्क शोरूम पर भी दिनभर खरीदारों की भीड़ रही। यहां इस बार 40 लाख रुपए का एक खास डायमंड सेट ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र रहा।

कानपुर में स्कूल गेट से दो चचेरे भाई लापता

ई-रिक्शा से उतरे, सामान लेने की बात कहकर निकले

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर के गुजैनी थाना क्षेत्र में स्कूल पहुंचे दो चचेरे भाई संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। दोनों गुरुवार सुबह ई-रिक्शा से जरौली फेस-2 स्थित एक्मे पब्लिक स्कूल पहुंचे थे। स्कूल गेट पर उतरने के बाद उन्होंने साथ आए बच्चों से कुछ सामान लेने जाने की बात कही और वहां से चले गए, लेकिन वापस नहीं लौटे।

सुबह करीब 9 बजे स्कूल से फोन आने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। उन्होंने दोनों बच्चों की तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस स्कूल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ बच्चों की तलाश कर रही है।बच्चों की मां अदिति यादव ने बताया कि उनके पति अनिल यादव सेना में तैनात हैं। उनका 11 वर्षीय बेटा अभिनव जरौली स्थित एक्मे पब्लिक स्कूल में कक्षा छह में पढ़ता है। उसका 11 वर्षीय चचेरा भाई निर्मित भी उसी कक्षा में पढ़ता है। परिवार के अन्य बच्चे भी ई-रिक्शा से स्कूल जाते हैं।

अदिति के मुताबिक, गुरुवार सुबह अभिनव और निर्मित दूसरे बच्चों के साथ ई-रिक्शा से स्कूल पहुंचे। दोनों गेट पर उतर गए और साथ आए बच्चों से कहा कि वे अंदर जाएं, वे कुछ सामान लेकर आते हैं।

कानपुर में धनतेरस पर बिरहाना रोड ज्वैलर्स मार्केट सजा

कानपुर। धनतेरस के त्योहार को लेकर शहर के प्रमुख ज्वैलरी बाजार बिरहाना रोड में रौनक दिखाई देने लगी है। शुक्रवार दोपहर से ही सोने-चांदी के आभूषण खरीदने के लिए लोगों की भीड़ पहुंचने लगी। हालांकि, इस बार सोने-चांदी की कीमतों में तेजी के चलते खरीदारी की रफ्तार कुछ धीमी रही। दुकानदारों को उम्मीद है कि शाम होते-होते बाजार में ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी और पिछले साल की बिक्री का रिकॉर्ड टूट सकता है। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर राज्यसभा सांसद गोपीनाथ पाण्डेय की पत्नी मंजू पाण्डेय अपने बेटे ऋषभ पाण्डेय के साथ बिरहाना रोड पहुंचीं। यहां उन्होंने घर के मंदिर में विराजमान भगवान के लिए चांदी के बर्तन खरीदे। इसके बाद उन्होंने सोने की चेन भी पसंद की। मंजू पाण्डेय ने कहा कि इस बार की दीपावली और धनतेरस उनके लिए बेहद खास है। भगवान ने उनके पति को ऐसे पद पर पहुंचाया है, जिसके लिए नहीं सोचा था।

पुलिस कमिश्नर घोड़े पर सवार होकर निकले, फूलबाग से घंटाघर तक सुरक्षा परखी

कानपुर सराफा बाजार में अलर्ट, सड़क पर उतरी पुलिस

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । धनतेरस और दीपावली के मौके पर शहर में सुरक्षा का कड़ा पहरा लगा दिया गया है। त्योहारों के मद्देनजर शहर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस बल ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल और एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर डॉ. विपिन ताडा के नेतृत्व में पुलिस की टीम सड़कों पर उतरी।

शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ फूलबाग से बिरहाना रोड होते हुए घंटाघर तक घोड़े पर सवार होकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीसीपी ईस्ट, एडीसीपी ईस्ट और स्थानीय थाना पुलिस भी गश्त में मौजूद रही।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बिरहाना रोड और घंटाघर क्षेत्र के व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने सभी को धनतेरस और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित माहौल का भरोसा दिलाया।

पुलिस कमिश्नर ने आम जनता से अपील की कि त्यौहार के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर पर दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शहर में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



सराफा बाजार में सघन चेकिंग, संदिग्धों पर नजर

धनतेरस के चलते सर्राफा बाजार में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखा। गश्त के दौरान सर्राफा बाजार में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। भीड़–भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिससे किसी भी अप्रिय घटना या अवांछनीय तत्वों की गतिविधि पर तत्काल लगाम लगाई जा सके।

श्रावस्ती में दिवाली पर खपाने थे 1.74 लाख के नोट, यू-ट्यूब से सीख तरीका

राइस मिल में छापते थे नकली नोट, एसटीएफ ने पकड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

श्रावस्ती । श्रावस्ती में नकली नोट छापने वाला गिरोह पकड़ा गया है। एसटीएफ ने तीन आरोपियों से 1 लाख 74 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। ये नोट दिवाली पर मार्केट में खपाने की तैयारी थी। आरोपियों ने यूट्यूब से नकली नोट बनाने का तरीका सीखा था। तीनों एक राइस मिल में नकली नोट छाप रहे थे। सूचना के बाद एसटीएफ ने गुरुवार को छापा मारा। रात 11 बजे तक छापेमारी होती रही। जिसके बाद शुक्रवार दोपहर एक बजे मामले का खुलासा किया गया। पूरा मामला जिला मुख्यालय से करीब 42 किमी दूर मल्हीपुर रोड स्थित गिरिराज राइस मिल का है।

श्रावस्ती के थाना इकौना के गांव भावनापुर बनकट का रहने वाला बृजेन्द्र गोस्वामी, पुत्र उदयराज गोस्वामी अपने दो दोस्तों गिरिराज शंकर जायसवाल, पुत्र छोटे लाल जायसवाल, निवासी शिवनगर और नरेन्द्र कुमार चौरसिया, पुत्र सुखराम चौरसिया, निवासी ग्राम लालबोझी, पोस्ट भटपुरवा मिलकर ये गैंग चला रहे थे।

एसपी राहुल भाटी ने बताया- आरोपियों ने नकली नोट तैयार करने के लिए सामग्री जुटाई। कैनन कलर प्रिंटर, कागज के बंडल मिल में पहुंचाए गए। ताकि मिल के कारण किसी को शक न हो। एसटीएफ लखनऊ की टीम को सूचना मिली कि राइस मिल में नकली नोट बनाने का धंधा चल रहा है। एसटीएफ ने थाना सोनवा पुलिस को अलर्ट किया।

एसपी राहुल भाटी ने बताया-तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके नेटवर्क का पता कराया जा रहा है। तीनों ने एक लाख 74 हजार के नकली नोट बरामद किए गए हैं।

> पूछताछ में आरोपी बृजेंद्र ने बताया - दीपावली का त्योहार नजदीक होने के कारण बाजार में नकली नोट खपाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए दुकानदारों से सामान और जेवरात खरीदने और जुआ खेलने के बहाने नोटों को खपाना था।

■ ये सामान आरोपियों से बरामद हुआ है।

थाने की पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा

थाने के प्रभारी निरीक्षक विष्णुदेव पाण्डेय, एसटीएफ के SI विनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, राजेश मौर्य, थाना सोनवा के चौकी प्रभारी चंद्रभान बुजुर्ग की टीम ने मिलकर गुरुवार की दोपहर एक बजे छापा मार दिया। सभी आरोपियो को नोट छापते हुए पकड़ा गया। इसके बाद रात करीब 11 बजे तक छापेमारी चलती रही। उसके बाद रात को ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी बृजेन्द्र गोस्वामी के खिलाफ पहले से थाना इकौना में 6 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मामले की जांच दरोगा गौरव सिंह को सौंपी गई है।

कानपुर में हाईवे किनारे मिला युवती का शव

कपड़े अस्त-व्यस्त होने से रेप के बाद हत्या की आशंका

तमसा संकेत, एजेंसी

नरवल । कानपुर महारापुर थाना क्षेत्र महोली मोड़ के पास नेशनल हाईवे किनारे एक युवती का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की जानकारी पर शुक्रवार सुबह महाराजपुर थाने की पुलिस, एसीपी और डीसीपी मौके पर जांच करने पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। युवती के कपड़े अस्त-व्यस्त होने के चलते रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के बाद कानपुर के साथ ही आसपास के जिलों से गुमशुदा युवती की पड़ताल करके शव की शिनाख्त करने में जुटी हैं।महाराजपुर थाना क्षेत्र कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर महोली स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने हाईवे किनारे शुक्रवार सुबह करीब 29 से 30 वर्षीय युवती का शव मिला। ग्रामीणों ने मामले की सूचना डायल-112 और महाराजपुर थाने पर दी। धनतेरस पर युवती का शव मिलने की सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना प्रभारी, एसीपी चकेरी आशुतोष सिंह, एडीसीपी शिवा सिंह, डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

युवती के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिला, लेकिन मुंह और नाक से खून निकल रहा था। कपड़े भी अस्त-व्यस्त मिले हैं। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव के पास घंटों सर्च ऑपरेशन किया, लेकिन कुछ भी ऐसा नहीं मिला जिससे युवती की शिनाख्त हो सके। युवती के कपड़ों से सामान्य परिवार की लग रही है।

पृष्ठ 01 का शेष...

'इस बार कुछ ...

इस सरकार ने उस सिंडिकेट को तोड़ा है। अब कोई भाई-भतीजावाद नहीं होगा। कार्यक्रम में सीएम योगी पहुंच गए हैं।

उनके साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल और सरोजनीनगर से बीजेपी विधायक राजेश्वर सिंह भी पहुंचे हैं।

सीबीएसईः 10वीं...

छात्र अपनी डेटशीट देखकर यह जान सकते हैं कि किस दिन किस विषय का पेपर होगा। इससे उन्हें पढ़ाई का समय बांटने और परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी। छात्रों को सलाह है कि वे अपनी परीक्षा की तारीखें ध्यान से देख लें, ताकि किसी भी पेपर को लेकर कोई उलझन न रहे।

सीबीएसई कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं भी 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। हालांकि, इनका शेड्यूल 10वीं से ज्यादा लंबा है। 12वीं के आखिरी पेपर 9 अप्रैल 2027 तक होंगे। इस कक्षा के छात्रों को कुल 121 विषयों की परीक्षा देनी होगी। इसमें अलग-अलग विषयों के लिए अलग तारीखें तय की गई हैं। इसलिए छात्रों को अपनी स्ट्रीम और चुने गए विषयों के अनुसार डेटशीट देखनी चाहिए। परीक्षा की तारीख पहले से पता होने पर छात्र हर विषय की तैयारी के लिए समय तय कर सकते हैं और आखिरी समय की जल्दबाजी से बच सकते हैं।

सीबीएसई की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे शुरू होंगी। छात्रों को परीक्षा के दिन समय का खास ध्यान रखना होगा। उन्हें अपने एडमिट कार्ड पर दिए गए निर्देशों को भी ध्यान से पढ़ना चाहिए। परीक्षा केंद्र पर कब पहुंचना है और किन चीजों को साथ ले जाने की अनुमति है, इसकी जानकारी एडमिट कार्ड में दी जाएगी। छात्रों को परीक्षा से पहले अपने विषय, तारीख और परीक्षा केंद्र की जानकारी अच्छी तरह जांच लेनी चाहिए। इससे परीक्षा वाले दिन किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की नियमित कक्षाओं वाले स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षाएं और प्रोजेक्ट का मूल्यांकन 1 जनवरी 2027 से शुरू होगा। वहीं, सर्दियों वाले इलाकों के स्कूलों के लिए प्रैक्टिकल और इंटरनल असेसमेंट की तारीखें अलग रखी गई हैं। ऐसे स्कूलों में ये परीक्षाएं 9 नवंबर से 19 दिसंबर 2026 तक होंगी। छात्रों को अपने स्कूल से प्रैक्टिकल परीक्षा का पूरा शेड्यूल पता कर लेना चाहिए। दोनों तरह के स्कूलों के लिए तारीखें अलग हैं, इसलिए छात्रों को यह देखना जरूरी है कि उनका स्कूल किस श्रेणी में आता है।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2027 में शामिल होने वाले छात्र आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर डेटशीट देख सकते हैं। इसके अलावा बोर्ड की दूसरी वेबसाइट cbseacademic.nic.in पर भी परीक्षा से जुड़ी जानकारी उपलब्ध है। छात्रों को वेबसाइट पर अपनी कक्षा की डेटशीट खोलकर विषय के अनुसार परीक्षा की तारीख और समय देखना चाहिए। डेटशीट डाउनलोड करके उसका प्रिंट भी रखा जा सकता है, ताकि पढ़ाई की योजना बनाते समय उसे आसानी से देखा जा सके। छात्रों को किसी दूसरी वेबसाइट या सोशल मीडिया पर मिली जानकारी के बजाय बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी पर भरोसा करना चाहिए।

पंजाब में यात्रियों से ...

रेलवे के अनुसार, ट्रेन नंबर 12508 कर्मभूमि एक्सप्रेस अमृतसर से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जा रही थी। हादसा दोपहर करीब सवा 1 बजे हुआ। सरकारी रेलवे पुलिस ने बताया कि कोच के पंखे में शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह घटना हुई। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ट्रेन में लगभग 1,500 यात्री सवार थे

उन्होंने बताया कि आग से तीन कोच पूरी तरह प्रभावित हुए, जबकि चौथा कोच भी आंशिक रूप से चपेट में आया। ये ट्रेन अनारक्षित थी। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, उत्तरी रेलवे के CPRO हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सराय बंजारा स्टेशन के पास ट्रेन का सेफ्टी सिस्टम सक्रिय होने के बाद ट्रेन रुक गई।

रेलवे ने बाधित ट्रैक को साफ कराया। यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए सराय बंजारा स्टेशन से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए दो विशेष ट्रेनें चलाई गईं। इस घटना में किसी भी यात्री के घायल होने या किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

रेलवे ने बताया कि ट्रेन में लगभग 1,500 यात्री सवार थे। इन यात्रियों को बसों समेय अन्य साधनों में सराय बंजारा स्टेशन पर भेजा गया। स्टेशन पर यात्रियों के लिए भोजन, पीने के पानी, चाय एवं बिस्किट आदि की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही गुरुद्वारा साहिब के सहयोग से यात्रियों के लिए लंगर की व्यवस्था भी करवाई गई।

कर्मभूमि एक्सप्रेस में आग के बाद अंबाला मंडल रेलवे प्रशासन एवं पंजाब राज्य प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। पंजाब राज्य प्रशासन ने तत्काल एम्बुलेंस, दमकल कर्मियों एवं पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया। वहीं, रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से दोनों ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइनों की बिजली सप्लाई बंद करवाई। इसके अतिरिक्त, गार्ड एवं लोको पायलट ने प्रभावित कोचों को ट्रेन से अलग किया।

नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सराय बंजारा स्टेशन के पास सेफ्टी सिस्टम एक्टिवेट होने के बाद ट्रेन को सुरक्षित रोक दिया गया। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) एसएचओ गुरप्रीत सिंह ने बताया कि कोच के पंखे में शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि आग पहले एक कोच के अंदर लगी और फिर दूसरे कोचों में फैल गई।

एसआईआर में छूटे ...

ये सिर्फ उन्हीं के लिए है जो पहले से लिस्ट में थे, लेकिन SIR के दौरान उनके नाम कट गए।

सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्टूबर को दिल्ली में की गई जल्दबाजी पर सवाल उठाया था, अगले ही दिन आयोग ने तारीख बढ़ा दी थी। दिल्ली में SIR से पहले करीब 1.45 करोड़ मतदाता थे।

31 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 97.53 लाख नाम शामिल किए गए। इस तरह लगभग 47.57 लाख नाम ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर रहे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ...

बैठक के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस कभी नहीं टूटेगी। नाराज विधायकों ने 30 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच 5 सीक्रेट बैठकें की थीं। इस दौरान विधायकों ने मांगों और पार्टी से बातचीत की रणनीति बनाई। देश में 5 साल में 3 बड़ी क्षेत्रीय पार्टियों में टूट हो चुकी है।

इसके बाद गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ने आगा का इस्तीफा मंजूर कर लिया। अब वो सांसद नहीं हैं।

27 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में कैबिनेट विस्तार हुआ था। इसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस के चार विधायक अली मोहम्मद सागर, मीर सैफुल्लाह, शमीमा फिरदौस और अल्ताफ अहमद कल्लू मंत्री बनाए गए। वहीं, निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया।

इस विस्तार में कई वरिष्ठ विधायकों को मंत्री पद नहीं मिला। इनमें नजीर अहमद गुरेजी और मुबारक गुल भी शामिल थे। बाद में फारूक अब्दुल्ला ने मुबारक गुल को अली मोहम्मद सागर की जगह पार्टी का महासचिव नियुक्त किया।

दिल्ली में प्रदूषण बढ़ा ...

मिर्जापुर में कोहरे के चलते 5 ट्रेनें अगले 3 महीने के लिए कैंसिल कर दी गईं। ओडिशा के गंजाम जिले के पहाड़ी गांव में गुरुवार को लैंडस्लाइड के बाद 5 और शव मिले। इसके साथ ही मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। हादसे के बाद से 6 लोग अब भी लापता हैं। ये लोग 28 अक्टूबर को आए चक्रवात अर्नब के बाद हुई लैंडस्लाइड में दब गए थे।

बैडमिंटन में ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी, फाइनल में चीनी खिलाड़ी से हारीं

तन्वी ने यूथ ओलंपिक्स में सिल्वर जीता

मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने यूथ ओलंपिक गेम्स में महिला सिंगल्स में सिल्वर मेडल जीता है। 15 साल की तन्वी इस इवेंट में सिल्वर जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं।

सेनेगल के डकार में गुरुवार को खेले गए फाइनल में तन्वी को चीन की मौजूदा वर्ल्ड जूनियर चैंपियन झांग यी शिन ने 21-15, 13-21, 24-26 से हराया। 1 घंटे 22 मिनट चले मुकाबले में तन्वी ने 5 मैच प्वाइंट बचाए और 3 बार गोल्ड जीतने के करीब पहुंचीं।

पहला गेम (21-15): शुरुआत में तन्वी ने लय हासिल करने में थोड़ा समय लिया। वे एक समय 3-5 से पिछड़ रही थीं। इसके बाद उन्होंने लगातार 7 पॉइंट जीतकर 10-5 की बढ़त बना ली। पंच टॉस और नेट पर शानदार खेल के दम पर तन्वी ने 25 मिनट में पहला गेम 21-15 से जीत लिया।



तन्वी जूनियर एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

दूसरा गेम (13-21): तन्वी ने दूसरे गेम की शुरुआत भी अच्छी की और 4-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, कोर्ट पर हवा के बहाव (ड्रिफ्ट) के कारण उनके शॉट्स पर कंट्रोल प्रभावित हुआ। मिड-गेम इंटरवल के बाद झांग ने खेल पर पकड़ बनाई और 21-13 से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया।

तीसरा गेम (24-26): निर्णायक गेम में झांग ने क्रॉस-कोर्ट ड्रॉप शॉट्स से तन्वी को परेशानी में डाला और 19-10 की बढ़त बना ली। इसके बाद तन्वी ने लगातार संघर्ष करते हुए स्कोर का अंतर कम किया। उन्होंने झांग के 5 मैच पॉइंट बचाए और खुद भी 3 बार गोल्ड मेडल जीतने से एक पॉइंट दूर पहुंचीं। हालांकि, झांग ने दबाव में बेहतर खेल दिखाया और 26-24 से गेम जीतकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। गुरुवार को गोल्ड मेडल मैच में तन्वी ने पहले गेम में धीरे शुरुआत की।

यूथ ओलंपिक्स में सिल्वर जीतने वाली तीसरी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

तन्वी से पहले यूथ ओलंपिक गेम्स के इंडिविजुअल बैडमिंटन इवेंट में दो भारतीय खिलाड़ी सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। एचएस प्रणय ने 2010 में और लक्ष्य सेन ने 2018 में पुरुष सिंगल्स में सिल्वर मेडल जीता था। लक्ष्य सेन ने 2018 में मिक्स्ड टीम इवेंट में भी गोल्ड मेडल जीता था। इस तरह तन्वी यूथ ओलंपिक्स के इंडिविजुअल बैडमिंटन इवेंट में मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय और महिला सिंगल्स में सिल्वर जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

बीएआई ने दी बधाई, कहा- 15 साल की उम्र में सिल्वर जीतना असाधारण उपलब्धि

तन्वी की उपलब्धि पर बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा,'तन्वी पत्री ने यूथ ओलंपिक गेम्स में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। महज 15 साल की उम्र में सिल्वर मेडल जीतना असाधारण उपलब्धि है।' उन्होंने आगे कहा, पूरी प्रतियोगिता में उनका जुझारू रवैया, संयम और प्रदर्शन युवा खिलाड़ियों की क्षमता को दिखाता है। यह भारतीय खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

गुरुवार को गोल्ड मेडल मैच में तन्वी ने पहले गेम में धीरे शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लगातार सात पॉइंट जीते और स्कोर 3-5 से 10-5 कर दिया।

शदमान इस्लाम का टखना मुड़ा स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर गए

वेस्टइंडीज 356 रन पर ऑलआउट, हसन महमूद को 6 विकेट

नई दिल्ली। बांग्लादेश के ओपनर शदमान इस्लाम वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए। उनका टखना मुड़ने के बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। इस बीच वेस्टइंडीज की पहली पारी 356 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए।

शदमान दूसरे दिन के 78वें ओवर में चोटिल हुए। मेहदी हसन मिराज की गेंद पर अमीर जंगू ने फाइन लेग की ओर शॉट खेला। स्लिप में फील्डिंग कर रहे शदमान गेंद के पीछे दौड़े। उसे उठाने की कोशिश में उनका पैर फिसल गया और गिरते समय टखना मुड़ गया। रीप्ले में आउटफील्ड पर ओस भी दिखाई दी।

शदमान ने पहले टेस्ट में शतक लगाया था। अगर वे इस मैच से बाहर होते हैं, तो बांग्लादेश को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ सकता है।

वेस्टइंडीज की पहली पारी अभी जारी है। पहले दिन वेस्टइंडीज ने 70 ओवर में 4 विकेट पर 235 रन बनाए थे। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा था।

वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन 4 विकेट पर 235 रन से आगे खेलना शुरू किया। केविन विकहम ने 61 रन बनाए। उन्होंने जंगू के साथ चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। जंगू ने 212 गेंदों पर 133 रन बनाए। उनकी पारी में 13 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

जस्टिन ग्रीव्स ने 51 रन का योगदान दिया। जोशुआ बिशप ने 23 और जोमेल वॉरिकन ने नाबाद 27 रन बनाए।

माइकल हसी बने ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोचिंग कंसल्टेंट

2027 एशेज-वर्ल्ड कप और 2028 ओलिंपिक की तैयारी कराएंगे

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज माइकल हसी को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का कोचिंग कंसल्टेंट नियुक्त किया गया है। वे 2027 में होने वाली एशेज सीरीज और वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी में टीम की मदद करेंगे।

इसके अलावा 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम की टी-20 रणनीति तैयार करने में भी उनकी अहम भूमिका होगी।

हसी की नई जिम्मेदारी इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी-20 सीरीज से शुरू होगी। इसके बाद वे न्यूजीलैंड के खिलाफ पर्थ में होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी में भी टीम की मदद करेंगे। इस दौरान वे मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ काम करेंगे।

हसी इससे पहले भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ कुछ समय के लिए बैटिंग कंसल्टेंट की भूमिका निभा चुके हैं। हालांकि, कमेंट्री और अन्य क्रिकेट जिम्मेदारियों के कारण वे लंबे समय तक टीम के साथ नहीं जुड़ पाए थे।

इस साल न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली थी। इसके बाद उन्होंने अपने पुराने साथी माइकल हसी को इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, हसी ने यह ऑफर ठुकरा दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ काम करने को प्राथमिकता दी। वे इससे पहले भी पर्थ टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के बैटिंग कंसल्टेंट के तौर पर जुड़ चुके हैं। माइकल हसी की कमेंट्री और दुनिया भर की टी-20 लीग में कोचिंग की जिम्मेदारियों के कारण वे अब तक ऑस्ट्रेलियाई टीम को ज्यादा समय नहीं दे पा रहे थे। वे IPL में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के बैटिंग कोच हैं। इसके अलावा इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में वेल्श फायर के हेड कोच की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं।

कॉन्वे भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

ट्रेनिंग के दौरान सिर में लगी चोट, निक केली को टीम में जगह

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के बीच न्यूजीलैंड को झटका लगा है। टीम के ओपनर डेवोन कॉन्वे सिर की चोट (कन्कशन) के कारण बाकी बचे चारों मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।

मंगलवार को पहले वनडे से ठीक पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान उनके सिर में चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें ऑकलैंड के मेडिकल सेंटर के इमरजेंसी विभाग में ले जाया गया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट (NZC) ने गुरुवार को कॉन्वे के सीरीज से बाहर होने की पुष्टि की। उनकी जगह बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को टीम में शामिल किया गया है।

निक केली के मुख्य वनडे टीम में शामिल होने के बाद ऑकलैंड एसेज के बल्लेबाज डेल फिलिप्स को न्यूजीलैंड A टीम में जगह दी गई है। फिलिप्स भारत A के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले आखिरी चार दिवसीय अनऑफिशियल टेस्ट मैच में खेलेंगे।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले वनडे में जीत के बाद भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे है।

निक केल न्यूजीलैंड के लिए 8 वनडे मैच खेल चुके हैं।

डेवोन कॉन्वे का वनडे करियर

मैच	रन	50/100	स्ट्राइक रेट
43	1,692	6/5	87.85

मैट हेनरी को मेडिकल क्लीयरेंस

ट्रेनिंग के दौरान कॉन्वे और तेज गेंदबाज मैट हेनरी आपस में टकरा गए थे। इसके बाद हेनरी की भी कन्कशन जांच की गई। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, उनकी जांच रिपोर्ट सामान्य रही है और मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। हेनरी अब दूसरे वनडे के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

निक केली को पहले ही सीरीज के चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में चुना गया था। अब वे बाकी बचे मैचों के लिए भी उपलब्ध रहेंगे।

कॉन्वे की गैरमौजूदगी में न्यूजीलैंड के टॉप ऑर्डर में उनकी भूमिका अहम हो सकती है।

न्यूजीलैंड के लिए कॉनवे की गैरमौजूदगी टॉप ऑर्डर में बदलाव की चुनौती होगी। वहीं, निक केली को टीम में शामिल करने से बल्लेबाजी के लिए एक नया विकल्प मिला है।

मनोरंजन

रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग पहुंचीं मलाइका, अर्जुन कपूर भी रहे मौजूद, बैकलेस लुक में दिखीं करीना

ऐश्वर्या-अभिषेक हाथों में हाथ थामे दिवाली पार्टी में पहुंचे



नई दिल्ली। मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने गुरुवार रात मुंबई में अपनी सालाना दिवाली पार्टी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की।

पार्टी में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की रोमांटिक केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान खींचा। वहीं, मलाइका अरोड़ा अपने कथित बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन हर्ष मेहता के साथ नजर आईं।

इस जश्न में नीता अंबानी, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, अक्षय कुमार, कृति सेनन, दिशा पाटनी और करण जौहर जैसी हस्तियां भी शामिल हुईं।

इस पार्टी में माधुरी दीक्षित अपने परिवार के साथ शामिल हुईं। इस दौरान उनके बेटे



पहली बार अपनी गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे।

पार्टी में अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड व बिजनेसमैन हर्ष मेहता के साथ पहुंचीं। मलाइका ने पिंक और व्हाइट कॉम्बिनेशन वाला शिमरी लहंगा पहना था, जिसे उन्होंने डायमंड नेकलेस के साथ स्टाइल किया था।

वहीं, हर्ष भारतीय परिधान में नजर आए और दोनों एक साथ पार्टी में पहुंचे व बाहर निकले। दिलचस्प बात यह रही कि इसी दिवाली पार्टी में मलाइका के पूर्व पार्टनर और अभिनेता अर्जुन कपूर भी मौजूद थे।

हाथों में हाथ डाले नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक

इवेंट में ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने एक साथ एंट्री ली। ऐश्वर्या रेड कलर के ट्रिडीशनल लुक में नजर आईं, जबकि अभिषेक ब्लैक आउटफिट में दिखे। दोनों ने पैपराजी के सामने हाथों में हाथ थामकर पोज दिए। तस्वीरों के लिए पोज देते समय दोनों एक-दूसरे की तरफ देखकर मुस्कुराते और ब्लश करते दिखाई दिए।

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने एक दूसरे का हाथ पकड़ कर पार्टी में एंट्री ली।

अभिनेत्री करीना कपूर खान अपने पति सैफ अली खान और बहन करिश्मा कपूर के साथ मनीष मल्होत्रा के घर पहुंचीं। करीना ने गोल्डन सीक्वेंस साड़ी के साथ मैचिंग बैकलेस ब्लाउज पहना था, जिसने उनकी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 'पू' किरदार की याद दिला दी। स्मोकी आई मेकअप के साथ उन्होंने अपना लुक पूरा किया।

शूटिंग से अंडर14-16 मैच टले, एमसीए ने मैदान के व्यावसायिक इस्तेमाल पर जताई नाराजगी

रणवीर की 'प्रलय' शूटिंग से आजाद मैदान में बवाल मचा

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'प्रलय' रिलीज से पहले ही विवादों में आ गई है। मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में फिल्म की शूटिंग के लिए मिली अनुमति ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) को नाराज कर दिया है। शूटिंग के चलते मैदान पर होने वाले अंडर-14 और अंडर-16 इंटरस्कूल क्रिकेट मैच टालने पड़े। MCA ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए खेल मैदान के व्यावसायिक इस्तेमाल का विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि जिस मैदान पर युवा क्रिकेटर अपना भविष्य संवारते हैं, वहां व्यावसायिक फिल्म शूटिंग को प्राथमिकता देना खेल संस्कृति के लिए ठीक नहीं है।

मुंबई मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र सरकार के खेल विभाग ने रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' के मेकर्स को आजाद मैदान में छह घंटे तक शूटिंग करने की अनुमति दी थी। बताया जा रहा है कि इस मैदान पर पहली बार किसी फिल्म की शूटिंग के लिए इस तरह की अनुमति दी गई।

इस फैसले के बाद मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है। एसोसिएशन का कहना है कि शूटिंग के लिए मैदान का इस्तेमाल होने से वहां पहले से निर्धारित क्रिकेट गतिविधियां प्रभावित हुईं।

फिल्म की शूटिंग के लिए आजाद मैदान में बड़े-बड़े सेट तैयार किए गए थे। इसके अलावा शूटिंग की जरूरत के मुताबिक आर्टिफिशियल घास भी बिछाई गई थी। मैदान पर इस तरह की तैयारियों के चलते क्रिकेट मैचों के आयोजन में परेशानी हुई। खासतौर पर अंडर-14 और अंडर-16 के इंटरस्कूल क्रिकेट मैच प्रभावित हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, इन मुकाबलों को आगे के लिए टालना पड़ा।

इस मामले पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की एपेक्स काउंसिल के सदस्य नदीम मेमन ने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

मुंबई मिरर से बातचीत में उन्होंने कहा कि आजाद मैदान में पहली बार किसी फिल्म की शूटिंग हुई है। इसके लिए बड़े सेट लगाए गए और आर्टिफिशियल घास बिछाई गई।

उन्होंने कहा, यह फिल्म शूटिंग की जगह नहीं है, बल्कि क्रिकेट का मैदान है। यहां खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए अपनी प्रतिभा को निखारते हैं।

नदीम मेमन के मुताबिक, शूटिंग की वजह से एसोसिएशन के चल रहे टूर्नामेंट प्रभावित हुए।

आजाद मैदान में पहली बार हुई फिल्म की शूटिंग

मुंबई का आजाद मैदान लंबे समय से क्रिकेट गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी क्रिकेट की प्रैक्टिस करते हैं। इसके अलावा मैदान पर स्थानीय और इंटरस्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित किए जाते हैं।

एमसीए का कहना है कि मैदान का इस्तेमाल युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट की ट्रेनिंग देने और प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए होता है। ऐसे में किसी कमर्शियल फिल्म की शूटिंग के लिए मैदान की बुकिंग करना खेल गतिविधियों के हित में नहीं है।

कहा- ये पूरी हुई तभी बातचीत करेंगे, होर्मुज खोलने से भी इनकार, अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी

ईरान ने अमेरिका को 7 शर्तों वाला नया प्रस्ताव भेजा

कारोबार

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध खत्म कराने की कोशिशों के बीच ईरान ने अमेरिका को नया परमाणु प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव कतर के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया गया है। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपनी 7 शर्तें पूरी होने के बाद ही परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करेगा और होर्मुज खोलेगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। हालांकि, उन्होंने प्रस्ताव में शामिल शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। ईरान चाहता है कि अमेरिका उस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध खत्म करे। इन प्रतिबंधों की वजह से ईरान के लिए दूसरे देशों के साथ कारोबार करना और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल बेचना मुश्किल होता है।

ईरान की मांग है कि दूसरे देशों के बैंकों में जमा उसकी रोकी गई संपत्ति वापस की जाए। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान की बड़ी रकम विदेशों में फंसी हुई है। ईरान चाहता है कि अमेरिका युद्ध के दौरान उसके ठिकानों, बुनियादी ढांचे और दूसरी संपत्तियों को हुए नुकसान की भरपाई करे। इसके लिए मुआवजा देने की मांग भी उसकी शर्तों में शामिल बताई जा रही है।

ईरान के बंदरगाहों और समुद्री कारोबार पर अमेरिका की ओर से लगाई गई रोक हटाई जाए। इस नाकेबंदी के कारण ईरान के लिए समुद्र के रास्ते सामान भेजना और मंगाना मुश्किल हो रहा है।

ईरान चाहता है कि उसके तेल कारोबार पर लगी पाबंदियां हटाई जाएं। इससे वह अंतरराष्ट्रीय बाजार में दूसरे देशों को अपना तेल बेच सकेगा और उसकी कमाई बढ़ेगी। ईरान चाहता है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी कम करे। उसकी मांग है कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और सैनिकों की तैनाती घटाई जाए।

कतर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बना

अमेरिका और ईरान के बीच सीधे बातचीत के रास्ते बंद होने के कारण कतर जैसे देश मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। इस बार भी ईरान ने अपना प्रस्ताव कतर के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया है।

कतर पहले भी दोनों देशों के बीच बातचीत कराने और तनाव कम करने की कोशिशों में शामिल रहा है। ऐसे में उसकी भूमिका इस बार भी अहम हो सकती है।

फिलहाल अमेरिका की ओर से प्रस्ताव स्वीकार किए जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिकी समीक्षा के बाद ही पता चलेगा कि दोनों देश बातचीत की दिशा में आगे बढ़ते हैं या शर्तों को लेकर तनाव बना रहता है।

परमाणु मुद्दे पर क्यों फंसी है बातचीत?

अमेरिका और ईरान के बीच सबसे बड़ा विवाद परमाणु कार्यक्रम को लेकर है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत करे और यह सुनिश्चित करे कि वह परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे नहीं बढ़ेगा।

दूसरी ओर, ईरान का कहना है कि परमाणु मुद्दे पर बातचीत से पहले अमेरिका को उसके खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध और दूसरी पाबंदियां हटानी होंगी।

यानी दोनों देश बातचीत तो करना चाहते हैं, लेकिन शुरुआत कहां से हो, इस पर सहमत नहीं हैं। अमेरिका पहले परमाणु कार्यक्रम पर बात करना चाहता है, जबकि ईरान पहले आर्थिक और सैन्य पाबंदियां हटवाना चाहता है।

अमेरिका-ईरान के बीच सबसे बड़े मतभेद

मुद्दा	अमेरिका का रुख	ईरान का रुख
परमाणु कार्यक्रम	पहले रोक और सख्त निगरानी	पहले अमेरिकी मांगें पूरी हों
आर्थिक प्रतिबंध	परमाणु समझौते के बदले राहत	पहले प्रतिबंध हटें
यूरेनियम भंडार	देश से बाहर भेजा जाए	इसे लेकर सहमति नहीं
होर्मुज स्ट्रेट	समुद्री रास्ता खुला रहे	अमेरिकी नाकेबंदी हटने पर खोलेगा
सैन्य मौजूदगी	क्षेत्र में अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था जारी रहे	अमेरिकी सेना की मौजूदगी घटे
क्षेत्रीय संगठन	ईरान इनकी मदद बंद करे	इसे अपनी क्षेत्रीय नीति का हिस्सा मानता है

पीओके में पाकिस्तानी सेना की फायरिंग, सात की मौत

रावलकोट, एजेंसी

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट में गुरुवार को प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने फायरिंग की है। इसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भारी मशीनगनों और ड्रोन से हमला किया। घटना को लेकर अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। PoK में 7 जून से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को 7 लोगों की मौत के बाद इस आंदोलन में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 153 हो गई है। आंदोलन की शुरुआत स्थानीय लोगों के राजनीतिक अधिकारों और आर्थिक समस्याओं को लेकर हुई थी। अब प्रदर्शनकारी पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की वापसी और अपने नेताओं पर दर्ज मामलों को खत्म करने की मांग भी कर रहे हैं। PoK विधानसभा में कुल 53 सीटें हैं। इनमें से 12 सीटें पाकिस्तान में रहने वाले कश्मीर मूल के लोगों के लिए आरक्षित हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इन सीटों के जरिए पाकिस्तान की सरकार PoK की राजनीति में दखल देती है। उनका कहना है कि इन सीटों पर स्थानीय लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं होता।

7 जून को PoK के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह विवाद और बढ़ गया। अदालत ने कहा था कि इन सीटों को संवैधानिक बदलाव के बिना खत्म नहीं किया जा सकता।

PoK में महंगाई, महंगा आटा और दूसरी जरूरी चीजों की बढ़ती कीमतों से लोग परेशान हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि बिजली के साथ आटे पर भी सब्सिडी दी जाए, ताकि आम परिवारों को राहत मिल सके।

पाकिस्तान पायलट्स को उड़ाना सिखाएगा, भारत की सीमा से 40 किमी दूर होगी ट्रेनिंग

चीन बांग्लादेश को 22 हजार करोड़ के फाइटर जेट देगा

ढाका , एजेंसी

चीन अगले साल बांग्लादेश को करीब 22 हजार करोड़ रुपए के जे-सीरीज फाइटर जेट देगा। इन विमानों को उड़ाने की ट्रेनिंग पाकिस्तान की एयरफोर्स देगी।

इसके लिए पाकिस्तानी ट्रेनर भारत की सीमा से करीब 40 किलोमीटर दूर बांग्लादेश के जेस्सोर एयरबेस पर पायलट्स को प्रशिक्षण दे सकते हैं।

पाकिस्तान की एयरफोर्स 2022 से चीन में बने जे-सीरीज फाइटर जेट उड़ा रही है। चीन के बाद पाकिस्तान के पास इन विमानों का सबसे बड़ा बेड़ा है। इसी वजह से उसके पास इन विमानों को उड़ाने का सबसे ज्यादा अनुभव भी है।

चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की वायुसेना के अफसरों की दिसंबर में ढाका में बैठक भी होगी। ढाका में होने वाले जॉइंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पाकिस्तानी एयरफोर्स बांग्लादेशी पायलट्स को ट्रेनिंग देगी। इसके अलावा रडार से दुश्मन के विमानों की पहचान और उन पर नजर रखने वाले कंट्रोलर्स को भी ट्रेनिंग दी जाएगी। ग्राउंड क्रू के लिए भी अलग कोर्स चलाए जाएंगे। पाकिस्तान के एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद के नेतृत्व में पांच सदस्यों की एक टीम ढाका पहुंच चुकी है। इस टीम ने वहां के एयरबेस और दूसरी जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही तकनीकी ट्रेनिंग और सिम्युलेटर के लेन-देन की योजना भी तैयार की।

बांग्लादेश के रडार से चीन को मदद मिल सकती है

चीन की वायुसेना के साथ उसकी तकनीकी टीमें और डेटा लिंक सिस्टम भी काम करते हैं। ऐसे में आशंका है कि भविष्य में LAC पर भारत और चीन के बीच तनाव बढ़ने पर बांग्लादेश के रडार से मिलने वाली जानकारी चीन के सैन्य नेटवर्क तक पहुंच सकती है। चीन की सेना टैक्टिकल डेटा लिंक (TDL) तकनीक का इस्तेमाल करती है। इसके जरिए फाइटर जेट और जमीन पर मौजूद सैन्य कमान एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। वे रडार से मिली तस्वीरें और दुश्मन के ठिकानों की जानकारी आपस में साझा कर सकते हैं।

रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक, चीन ने एक्सएस-3 नाम का हाई-बैंडविड्थ ब्रॉडबैंड लिंक भी तैयार किया है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96

कार्यालय जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर।

संख्या/ जि.आ.अ./ विषाक्त मदिरा-39/अपील/2026-27 दिनांकः 06 नवम्बर, 2026

DANGER खतरा

चेतावनी/अपील

DANGER खतरा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध स्थानों / अड्डों से खरीदी गयी शराब में मिथाइल अल्कोहल मिश्रित शराब हो सकती है, जो घातक विष है और इसकी थोड़ी सी भी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है एवं उसकी जान भी जा सकती है। किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। सस्ते के चक्कर में जान न गवायें। अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकारी/अधिकृत आबकारी दुकानों से क्यूआर कोड लगा एवं सीलबन्द शराब की बोतल ही खरीदें। पाउच वाली शराब / अवैध स्थानों पर बेची जा रही किसी प्रकार की शराब का सेवन न करें, क्योंकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा हो सकती है। अवैधानिक रूप से मादक पदार्थों तथा अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री की सूचना निम्नलिखित क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों के मोबाइल नम्बर पर अथवा टोल फ्री नम्बर 14405 व 9454466019 पर भी सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं पता गोपनीय रखा जायेगा।

जिला आबकारी अधिकारी, अम्बेडकरनगर 9454465641
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 1 अकबरपुर 9454466230
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, टाण्डां 9454466231
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3, जलालपुर 9454466697
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 4 आलापुर 9454466698
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 5 भीटी 9454466699

(अखिलेश कुमार सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी,
अम्बेडकरनगर।

(ईशा प्रिया)
जिलाधिकारी,
अम्बेडकरनगर।